e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 109

रविवार

21.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अपने लक्ष्य को वो ही व्यक्ति प्राप्त कर सकता है, जिसको पाने के अलावा और कुछ दिखाई नहीं देता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### महानदी नाव हादसे में सात शव बरामद

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में शुक्रवार को महानदी में लखनपुर के शरधा में नाव डूबने की घटना में अभी तक सात शव बरामद कर लिये गये हैं। शनिवार सुबह प्रशासन द्वारा चलाये गये सर्च आपरेशन में छह शव बरामद किये गये हैं। शुक्रवार को हादसे के बाद एक महिला का शव बरामद कर लिया गया था। इस मामले में एक और व्यक्ति के लापता होने की बात कही जा रही है।शनिवार की सुबह पांच बजे से सर्च आपरेशन प्रारंभ किया गया। पांच स्कूबा ड्राइवर व दो सर्च कैमरे के सहायता से लापता लोगों को ढूंढने के लिए प्रयास शुरू किये गये थे। इस हादसे में मारे गये सभी मृतक सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के खरसेनी इलाके के हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना प्रकट करने के साथ-साथ प्रत्येक मृतक के आश्रितों के लिए चार लाख रुपये की अनुकंपा राशि की घोषणा की है।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के खरसेनी इलाके के ये यात्री घूमने के लिए वरगढ जेके अंबाभोना प्रखंड के पथरसेनी जा रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हो गया।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर 5,000 रेड इयर स्लाइडर कछुए जब्त

**चेन्नई :** चेन्नई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर मलेशिया की फ्लाइट से लाए गए दो सूटकेसों से लगभग 5,000 रेड इयर स्लाइडर कछुए जब्त किए। हालांकि इस जब्ती के बाद शनिवार को ही इसे वापस मलेशिया भेज दिया गया। मैक्सिकन मूल रेड इयर स्लाइडर कछुए की भारत में काफी मांग है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने उन दो सूटकेसों की जांच की जो शुक्रवार रात बाटिक एयर की उड़ान से यहां लाए गए थे और चेक इन के दौरान दोनों सूटकेस लावारिस हालत में मिले। सीमा शुल्क अधिकारियों और सीआईएसएफ कर्मियों ने जब संदिग्ध वस्तुओं की मेटल डिटेक्टर से जांच की तब सच्चाई सामने आई। सूटकेस खोलने पर इनमें भारत में प्रतिबंधित रेड इयर स्लाइडर कछुए मिले।अधिकारियों के मुताबिक सूटकेस के अंदर छेद वाले कई प्लास्टिक के बक्से थे, जिसमें रेड ईयर स्लाइडर कछुओं के बच्चे भरे थे। वन्यजीव ब्यूरो के अधिकारियों की मदद से कछुए की इस प्रजाति की पहचान कराई गई।जब्त कछुए को शनिवार को ही मलेशिया वापस भेज दिया गया क्योंकि नियमावली के तहत विदेशी जीव-जंतुओं को बिना जांच और उचित परीक्षण के देश के अंदर लाने की अनुमति नहीं है।


### बेतिया में 7 करोड़ की चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया :** पड़ोसी देश नेपाल से सात करोड़ अंतराष्ट्रीय मूल्य की चरस लेकर बेतिया पहुंचे तीन तस्करों को बेतिया नगर पुलिस की टीम ने सुप्रिया रोड व बस स्टैंड में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी शुक्रवार की देर शाम की गयी है।शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस टीम ने दो जगहों पर छापेमारी कर 35.766 किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में इनरवा थाना के इनरवा बाजार निवासी फैयाज मियां (45), सिरिसिया थाना के भीखमपुर निवासी संजय पटेल (38) तथा सहोदरा थाना के बैरिया बाजड़ा निवासी सुरेश यादव (38) शाामिल है। इनके पास से तीन बाइक व दो मोबाइल बरामद हुए है। एफआईआर दर्ज कर तीनों को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 41°

न्युनतम 22°



## जैसे अमेठी से भागे वैसे ही वायनाड छोड़कर भागेंगे शहजादे : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नांदेड़ (महाराष्ट्र) :** पीएम मोदी ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के शहजादे को अमेठी से भागना पड़ा था वैसे ही अब वायनाड छोड़कर भाग जाएंगे। बता दें कि राहुल गांधी इस बार केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वह पहले कांग्रेस की परंपरागत सीट अमेठी से चुनाव लड़ते थे और 2019 में वे इस सीट से हार गए थे। इस सीट से स्मृति ईरानी ने जीत दर्ज की थी और इस बार भाजपा ने एक बार फिर से स्मृति ईरानी को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस ने अबतक अमेठी में उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है।

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कल देश में पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है और मैं वोटिंग करने वाले सभी लोगों को खासतौर पर पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं को बहुत बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद अलग-अलग लोगों ने बूथ लेवल तक का जो विश्लेषण किया और जो जानकारियां मिल रही हैं. उससे ये विश्वास पक्का हो रहा है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। पीएम मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वोटर भी देख रहे हैं कि कैसे इंडिया अलायंस के लोग अपने स्वार्थ में, अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। इसलिए खबर यही है कि पहले चरण में मतदाताओं ने इस गठबंधन को पूरी तरह नकार दिया है। पीएम ने आगे कहा कि ये लोग दावा जो भी करें, लेकिन सच्चाई यही है कि चुनाव की घोषणा से पहले से ही कांग्रेस के नेता अपनी हार मान चुके हैं। पीएम मोदी ने सोनिया गांधी पर भी तंज कसा और कहा कि कुछ नेता, जो लगातार लोकसभा में जीतकर आते थे, वे इसबार राज्यसभा के रास्ते से अंदर जाकर बैठ गए हैं। बता दें कि सोनिया गांधी इस बार रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ रही हैं। वह राजस्थान से राज्यसभा पहुंची हैं।

महारैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित कई नेता होंगे शामिल

# रांची में उलगुलान न्याय महारैली आज


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज रविवार 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन है। इसकी तैयारी हो चुकी है। तैयारी देखने स्वंय मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पहुंचे और सभी चीजों से अवगत हुए। इस मौके पर मंत्री बसंत सोरेन, झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य,मनोज पाण्डेय,राजद प्रवक्ता कैलाश यादव,आबिद अली सहित कई नेता व विधायक मौजूद थे। झामुमो की ओर से आयोजित इस उलगुलान महारैली में इंडिया ब्लॉक के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। रैली के माध्यम से मोदी सरकार के खामियों को उजागर करने का काम किया जाएगा। इसके लिए झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी, सीपीआई माले के अलावा अन्य दलों के नेता एकजुट हैं।मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है।

### इंडिया गठबंधन के नेताओं का होगा जुटान

उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन है। इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी,पंजाब के सीएम और आप नेता भगवंत सिंह मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह,शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारुख अब्दुल्लाह, सीपीआई माले के दीपांकर भट्टाचार्या और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रतिनिधि के रूप में डेरेक ओ ब्रायन, राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा सहित कई नेता शिरकत करेंगे. झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पाई, झारखंड सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस और राजद के मंत्री भी महारैली में उपस्थित रहेंगे.

### हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है : चंपाई



### देश को तानाशाही से मुक्ति दिलाने हेतु हो रहा उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन

झामुमो के अनुसार यह महारैली कोई सामान्य या चुनावी महारैली नहीं है, बल्कि यह देश को तानाशाही से मुक्ति, संविधान बचाने और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने की महारैली है. देश भर के विपक्षी नेताओं की साझा आवाज प्रभात तारा मैदान से बुलंद होगी. संविधान बचाने, भाजपा की समाज को बांटने की नीति, वन अधिकार कानून में बदलाव, किसानों को एमएसपी, महंगाई, बेरोजगारी सहित तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिसके खिलाफ उलगुलान होगा. मंच से सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन यह संदेश देंगी कि साजिश रचकर उनके पति को जेल के डाल दिया गया.

### मंच पर दिखेंगी कल्पना-सुनीता

दिल्ली के रामलीला मैदान में केंद्र की मोदी सरकार, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप की महारैली में पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन और अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पहली बार जनता के बीच एक साथ मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला था. 21 अप्रैल को दूसरा मौका होगा जब कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल रांची में एक मंच से उलगुलान करेंगी.

## बढ़ती गर्मी के कारण अब 11.30 बजे तक ही चलेंगी आठवीं तक की कक्षाएं




**बता दें कि गोड्डा, पाकुड़, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम में पारा 43 डिग्री पहुंच चुका है.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में भीषण गर्मी को देखते स्कूलों में कक्षाओं का समय सरकार ने निर्धारित कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त-गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11ः30 बजे तक ही चलेंगी। कक्षा नौ एवं इससे ऊपर की कक्षाएं सात बजे से 12ः00 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। हालांकि, मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से फैसला लेते हुए संसूचित किया जायेगा। जारी आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक जारी रहेगा। यह आदेश शनिवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी किया है।

बता दें कि गोड्डा, पाकुड़, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम में पारा 43 डिग्री पहुंच चुका है. मौसम केंद्र ने हिव वेव की वजह से दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. येलो अलर्ट का दायरा देवघर, जामताड़ा, धनबाद और बोकारो तक पहुंच जाएगा.संथाल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ के अलावा कोल्हान में सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में येलो अलर्ट जारी रहेगा. मौसम केंद्र ने 11 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की सलाह दी है. पर्याप्त मात्रा में समय-समय पर पानी पीते रहने, सूती कपड़े पहनने, चश्मा, टोपी और छतरी के इस्तेमाल की भी सलाह दी है.

## दो नक्सली गिरफ्तार, एके-47 बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) :** जिला मुख्यालय चाईबासा में पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत शामिल हैं। दोनों की गिरफ्तारी गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से हुई। इनके पास से पुलिस ने दो एके 47, नौ मैगजीन, 188 राउंड गोली, 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम दस्ता के कुछ सदस्यों के साथ भ्रमणशील है। वे गोईलकेरा, आनन्दपुर थाना क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को बंद कराने की धमकी देते हुए संवेदकों से लेवी की मांग कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सोना हेंब्रम के खिलाफ चाईबासा और खूंटी जिले के अलग-अलग थानों में 11 मामले दर्ज हैं जबकि बिरसा खंडाइत के तीन मामले दर्ज हैं।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130



सुरेश चन्द्र डे

संस्थापक – "श्रीलेदर्स"

(21.04.1911 - 21.05.1990)

श्री सुरेश चन्द्र डे स्वाधीनता संग्राम के कर्मयोगी, निष्ठावान और दूरदर्शी वीर सेनानी थे। विषम परिस्थितियों में अथक परिश्रम से उन्होंने श्रीलेदर्स की स्थापना कर समस्त देशवासियों को विकास की गति प्रदान की।

देश की आज़ादी के पश्चात् सन् 1952 में जमशेदपुर शहर में इसकी स्थापना हुई। वर्त्तमान में देश के विभिन्न शहरों में इसकी अनेकों शाखाएँ उज्जवलित हैं। सुरेश डे के आदर्श "बाधाओं को पार कर सफलता हासिल करना" ही श्रीलेदर्स की सफलता का मूलमंत्र है।

Sreeleathers

World Class. Right Price.

SINCE 1952

FRANCHISE ENQUIRIES SOLICITED franchise@sreeleathersonline.com Sreeleathers "Since 1952" SreeleathersSince1952 www.sreeleathersonline.com

# हाथियों के झुंड ने एक आदमी को पटक पटक कर मार डाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** चिनिया थाना क्षेत्र के रंका रोड स्थित बड़का नाला के पास जंगल में शनिवार की सुबह जंगली हाथियों ने चिनिया के चिरका टोला निवासी दशरथ सिंह को कुचलकर मार डाला। जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम व पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि हम सभी परिवार के लोग हमेशा की तरह जंगल में महुआ चुनने के लिए गए हुए थे। तभी महुआ चुनने के दौरान हाथियों ने मेरे पिता को कुचल कर मार डाला और हम लोग अपने देखते रह गए। लेकिन अपने पिता को बचा नहीं पाए। डर के मारे हम लोग वहां से अपनी जान बचाकर भाग गए। इसकी जानकारी ग्रामीणों को दिया। जानकारी मिलते ही सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन तथा वन विभाग को दिया। हाथियों की संख्या लगभग 10 से 15 बताई जाती है। हाथी अभी भी चिनिया के जंगल में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दहशत से ग्रामीणों में काफी भय देखा जा रहा है। जबकि बीते रात भी हाथियों ने चिरका गांव निवासी अवधेश भुईया के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। जबकि रात में परिवार लोग अपना जान बचाकर किसी तरीके से भाग गए। पूछे जाने पर गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।हमारी टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है। फिलहाल मृतक के परिजनों को दाह संस्कार करने के लिए 10000 की सहायता राशि दी गई है। मुआवजे की 400000 की राशि कागजी कार्रवाई के बाद अभिलंब परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे वजह लोग जंगल में ना जाएं। वह हाथियों से छेड़छाड़ ना करें। जबकि हाथियों को भगाने की बात पूछे जाने पर चुप्पी साध गए। बताते चलें के पिछले 9 महीने से हाथियों का आतंक चिनिया थाना क्षेत्र में लगातार छाया हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा लगातार हाथियों को भगाने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई पहल नही किया गया। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। अभी तक हाथी दो दर्जन मकान को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। जबकि कई पशुओं को भी कुचलकर मार डाला है। किसानों के फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। जिससे किसान व आम ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। मौके पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार, प्रेमचंद दास, विपिन कुमार, हेमंत लकड़ा, चिनिया पुलिस सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार राणा, एसआई कृष्ण कुमार शाह, राधेश्याम राम सुखराम उरांव सहित पुलिस बल के सैकड़ो जवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ व एसडीओपी ने चलाया चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला में लोकसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती सभी सीमा को पुलिस ने सील कर दिया है। एसडीएम पियूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि लोस चुनाव के मद्देनजर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। बिहार में शराब बंदी होने से हुसैनाबाद के रास्ते बिहार में शराब कारोबारियों का बड़ा धंधा भी पकड़ में आता रहा है। जिस पर पुलिस बल पैनी नज़र रखते हुए चेक पोस्ट पर विशेष सतर्कता बरत रही है। जिससे बिहार में अवैध शराब की खेप नहीं पहुंच पा रहा है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अंतरराज्यीय चेकपोस्ट बिहार सीमा से सटे जपला नवीनगर रोड व जपला दंगवार मार्ग पर सीमा को सील किया गया है। दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव ने बताया की चुनाव को लेकर दंगवार ओपी से सटे बिहार के कोईरियाडीह के समीप सीमा को सील किया गया है। इससे किसी भी तरह का अवैध व आपतिजनक सामान के आयात व निर्यात पर रोकथाम लग सका है।

# धीरज व शिवम बने झारखंड बोर्ड 10 वीं की हुसैनाबाद अनुमंडल टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि पंचायत के दुल्हर गांव निवासी धीरज मेहता व हैदरनगर प्रखंड के बैराव निवासी शिवम कुमार पाल ने झारखंड बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में 476 अंक लाकर अनुमंडल क्षेत्र में प्रथम व जिले के टॉप टेन में स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है।दुल्हर गांव निवासी किसान कुलदीप मेहता व झुबली देवी के छोटे पुत्र धीरज मेहता ने स्थानीय सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर से मैट्रिक की परीक्षा दिया था।बोर्ड द्वारा जारी परिणाम में 95.02 अंक अर्जित किया है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देते हुए धीरज ने बताया कि ईमानदारी पूर्वक मेहनत करने पर निश्चित तौर पर बेहतर सफलता मिलती है। आगे वह इंजीनियरिंग की क्षेत्र में कैरियर बनाकर उसकी सफलता पर उसके पिता कुलदीप मेहता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह शुरू से ही अपने कार्यो के प्रति सजग रहा है। मुझे उम्मीद थी कि अच्छा अंक प्राप्त करेगा। वही बैराव के अखिलेश पाल व चंदमुनि देवी के पुत्र शिवम कुमार पाल ने भी 95.02 अंक लाकर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी, समाजसेवी बिमलेश पासवान, नीरज मेहता, सरस्वती बिद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कुश जी पांडेय, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ0 शिव प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार चंदेल प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शिक्षक राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, हर्षदा चौबे, छाया कुमारी, सुनील कुमार समेत विद्यालय के सभी आचार्य व प्रबुद्ध लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# फ्लाई एस उड़ने से पाटन मोड़ स्थित दुकानदारों पर आफत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा :** फोरलेन बना रही कम्पनी भारत वाणिज्य द्वारा पाटन मोड़ चौक के पीछे फ्लाई एस का डंप किया गया है तो दूसरी तरफ पाटन जाने वाली सड़क किनारे फ्लाई एस बिछा दिया है. इससे स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। कभी पीछे से तो कभी सामने से धूल के बवंडर उठता है जो सीधे दुकान में भर जा रहा। उड़ते धूलकण से दुकानदारों का जीना हराम हो गया है. दुकानदार जितेंद्र चंद्रवंशी ने बताया की रोड किनारे फ्लाई एस बिछाया गया है। कारण आने जाने वाली वाहनों की झोको से धूलकण का बवंडर उठता है। इसके अलावे तेज हवा में भी डंप किया गया फ्लाई एस और सड़क किनारे बिछाए गए एस दोनो तरफ से दुकानदारों सहित राहगीरों को जीना हराम हो गया है. कंपनी द्वारा पानी का छिड़काव भी नही किया जाता। इस ओर प्रशासन के लोगों का भी कोई ध्यान नहीं है। बताया की हल्की हवा में भी धूल पूरा दुकान में भर जा रहा। मालूम हो की यहां पर लगभग 10-20 दुकान है। इसके अलावे बहुत सारे ठेला वाले भी अपनी दुकान लगाते है. दुकानदारों ने उपायुक्त पलामू से इसका समाधान करने की अपील की है।

## ज्योत्सना ज्योति ने झारखंड टॉप बनकर बाबासाहेब अम्बेडकर का नाम रोशन किया : विजय रविदास



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर प्रखंड के वर्तमान जिला परिषद विजय रविदास झारखंड टॉपर बनी चतरा जिला के बच्ची ज्योत्सना ज्योति को ढेर सारी बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है, उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया ज्योत्सना ने मैट्रिक में टॉपर बनकर पूरे अम्बेडकर समाज का नाम रोशन करने का काम किया है, आज की पीढ़ी के बच्चे बच्चियों को आगे आने की जरूरत है, किसी भी परिस्थिति में पढ़ाई से भट्के के नहीं जैसे भी हो अनुसूचित जाति के लोगों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। जिससे उच्च कोटि की शिक्षा पाकर देश एवं समाज का नाम रोशन करने में अहम भागीदारी निभा सके, ज्योति ने बाबासाहेब को अपना आदर्श मानते हुए 99,2 फीसदी अंक लाकर पूरे प्रदेश का नाम रौशन करने का कार्य कि।

## मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी के संयुक्त तत्वाधान में किसानों के साथ हुई कृषि कार्य से संबंधित बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** डॉ मोहन बड़ाईक गैर-सरकारी संगठन मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी (रजिए) के राष्ट्रीय अध्यक्षके संयुक्त तत्वाधान में जिला सिमडेगा स्थित कोलेबिरा प्रखण्ड के लरबा ग्राम में ग्रामीण किसानों के साथ कृषि कार्य से संबंधित बैठक हुई। बैठक में छोटे किसान एवं मध्यम वर्गीय किसानों को संस्था एवं कम्पनी द्वारा फल एवं सब्जी की खेती के लिए शेड नेट की जानकारी दी गयी। इस बैठक में उपरोक्त कम्पनी द्वारा विभिन्न प्रदेशों से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल और हैदराबाद से कृषि के उत्तम पैदावार संबंधी तकनीकि शिक्षा देने वाले सहायक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बड़ाईक के द्वारा की गयी उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित किसानों से कहा कि मशाल संगठन और KHEYTI TECH PVT LTD के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्र के कमजोर और मध्यम वर्गीय ग्रामीण किसानों को सशक्त बनाने के हमने इस योजना को अपने क्षेत्र में लाया है ताकि यहां के किसान इसका लाभ उठा सकें और आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार को गरीबी मुक्त होकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें। आज जिले से लाखों की तादाद में यहां के किसान रोज़ी-रोटी एवं रोजगार की तलाश में दिल्ली, मुंबई, पंजाब, केरल, गोवा, बैंगलोर आदि अन्य कई राज्यों में पलायन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यहां पर किसानों को सिंचाई एवं खेती के लिए सुविधा नहीं है और किसान पलायन कर दुसरे राज्यों कई प्रकार के शोषण का शिकार हो रहे हैं। ठेकेदारों एवं उनके मालिकों के द्वारा विभिन्न प्रकार से शोषण का शिकार हो रहे हैं । हमारे गरीब मजदूर किसानों को पलायन का खामियाज़ा शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ती है। कम्पनी द्वारा दी जा रही कृषि उपकरण जालनूमा घर द्वारा यहां के गरीब मजदूर मेहनती किसान काफी हद तक लाभान्वित होंगे।

# सादगी से मनाई गई दिवंगत बाबूजी की तृतीय पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर स्थित किन्नी, कुँवर पिरथी नाथ सिंह बी.एड. महाविद्यालय में स्वर्गीय कुँवर गिरवर सिंह के तृतीय पुण्य तिथि सादगी से मनाई गई। संस्थान के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह व सचिव अमिता कुमारी सहित सभी महाविद्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी पुष्प अर्पित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष श्री श्याम किशोर सिंह ने कहा कि बाबु जी हमलोगों के बीच नहीं हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी हमारे साथ है। इनके नाम पर कुँवर गिरवर सिंह महाविद्यालय का स्थापना का कार्य प्रगति पर है। जहाँ विभिन्न कोर्स का संचालन किया जाएगा । स्मरणीय हो कि इनकी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शनिवार के ही दिन 20 अप्रैल 2022 को श्री गिरवर सिंह सेवा संस्थान का स्थापना किया गया था। जो सिर्फ सेवा का कार्य कर रहा है। शुक्रवार 20 अप्रैल को तृतीय पुण्यतिथि पर आमजन के बीच अंग वस्त्र का वितरण भी किया गया । इस कार्यक्रम में नन्द बिहारी सिंह, शत्रुध्न सिंह, उत्कर्ष सिंह, प्रहर्ष सिंह, अजय द्विवेदी, प्राध्यापक नंदलाल विश्वकर्मा, अजय कुमार, चन्दन कुमार गुप्ता, महानन्द महतो, संतोष चंद्रवंशी, संजीव कुमार, विक्रम देव, अवधेश प्रसाद, विकास विश्वकर्मा, विजय कुमार, अर्चना पांडेय, रेशमा विश्वकर्मा, प्रिया पांडेय सहित महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रा उपस्थित थे।

## झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को मेदनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तकसंचालित की जायेगी.परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा.यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं.इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

# जय श्री राम के जयकारों से राममय हुआ हैदरनगर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** माथे पर तिलक, भगवा रंग का कुर्ता, पगड़ी और भव्य पैमाने पर हाथों में भगवा ध्वज लिए जब शोभायात्रा निकाली तो पूरा क्षेत्र राममय हो गया।मौका था रामनवमीं के उपलक्ष्य पर श्री रामनवमीं पूजा समिति हैदरनगर, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, महावीर मंडल व विभिन्न अखाड़ों, धार्मिक संस्थाओं के द्वारा आयोजित भव्य श्री राम शोभायात्रा का। हैदरनगर चौक बाजार श्री रामजानकी मंदिर से पूजा अर्चना कर शुक्रवार की शाम 3 बजे शोभायात्रा निकाली गई।यह शोभायात्रा पूर्व की भांति बैंक रोड होते हुए कोइरियाडीह, जवाहर पथ, रेलवे गुमटी, मेन रोड मस्जिद रोड होते हुए बड़ा शिबाला तक आयोजित हुई। इस शोभायात्रा में लाउडस्पीकर की धुन पर हजारों युवक,युवतियों, महिला,पुरुषों ने राम धुन पर कदमताल करते हुए शमां बांधा।इन मार्गो पर जगह जगह फूल मालाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।आकर्षक तौर पर सजे राम जानकी, लक्ष्मण सहित रामदरबार का लोगो ने आशीर्वाद लिया।शोभायात्रा में 20 से अधिक झांखिया भक्तों को आकर्षित कर रही थी।जिसमें शिव तांडव, दुर्गा तांडव, छठी मइया की झांकी, मोदी योगी की झांकी,शहीद भगत सिंह की झांकी, राम हनुमान,शंकर पार्वती की झांकी ने भक्ति की बयार बहा दिया।शोभायात्रा हजारों की संख्या में शहर में रामभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा।पूरा शहर राम मय हो गया। हर तरफ राम नाम की गूंज सुनाई दे रही थी। जगह जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शीतल पानी, सरबत, मिठाईया, बिस्किट फल आदि का वितरण किया।इस कार्यक्रम में भाजपा नेता विनोद सिंह सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान डीएसपी मुकेश महतो के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया।सुरक्षा का कड़ा इंतेजाम किया गया था।एसडीओ पीयूष सिन्हा,बीडीओ विश्व प्रताप मालवा थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में लगें रहें।इस शोभायात्रा को सफल बनाने में संतोष कुमार सिंह,डॉ अजय जायसवाल, अध्यक्ष अभिराज गुप्ता, राहुल सिंह, जितेंद्र सिंह, आशीष मोदनवाल, रत्नेश कश्यप, आशीष गुप्ता, चिंटू सोनी, मणिराज जायसवाल, उत्तम भारद्वाज, नन्दलाल गुप्ता, संतन चौधरी, मुकेश मेहता, पवन जायसवाल, धनंजय सिंह, मंटू मेहता सहित सैकड़ों रामभक्तों ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन के बाद देर रात महावीर मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़े को सम्मानित भी किया गया।मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कलाकारों एवं अखाड़ों को सम्मानित भी किया गया।

**छठी मइया की झांकी रहीं आकर्षण का केंद्र**

बनझिन पुकारे रहि करी बेरवा।आर्ग करी पूजन करी बेरवा न हो। इस गीत सहित अन्य छठी मैया के गीत पर निकली ने झांकी ने रामनवमी जुलूस में भव्यता प्रदान की। छठ महापर्व के थीम की झांकी रामनवमीं के शोभायात्रा में दिखी। हैदरनगर में शोभायात्रा के दौरान कई झांखिया निकली गई।एक से बढ़ कर एक झाँकहियो में छठी मइया पर बनाई झांखिया आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा।इस झांकी को देखकर लग रहा था रामनवमी में छठ की अनुभूति हो रही हो।हैदरनगर के मिंटू सोनी की पुत्री लाली सोनी ने छठी मइया का स्वरूप धारण कर अपने कला से सभी का मन मोह लिया।

**हैदरनगर में बाईक शोभायात्रा निकाली गई**

हैदरनगर में रामनवमी को लेकर बाइक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामनवमी पूजा समिति हैदरनगर के तत्वाधान में निकाली गयी। जिसकी अध्यक्षता पूजा समिति के संरक्षक संतोष कुमार सिंह ने की।इसमें हजारों की संख्या में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के सदस्य शामिल हुए।समिति के सदस्यों ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में घूम कर लोगों को शाम के भव्य रामनवमी शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आह्वान किया। बाजार स्थित श्रीरामजानकी मंदिर से बाइक जुलूस की शुरुआत हुई।देवी धाम पूजा अर्चना करने के बाद पूरे क्षेत्र के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर जिला परिषद संगीता देवी विशेष रूप से मौजूद थी। बाईक शोभायात्रा देवी धाम से भाईबीघा, कोइरियाडीह, बाजार, बभांडी, पतरिया, नौडीहा, बेलसपुर, सड्या, चौकडी, बिन्दुबीघा से बहेरा होते हुए पुनः श्री रामजानकी मंदिर पर सम्पन्न हुआ। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में बाइक लिए रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में विशेष तौर पर युवतियों ने विशेष पोशाक पहनें हुए मातृ शक्ति का परिचय दिय। जो आकर्षक का केंद्र रहा।

**संक्षिप्त खबरें**

### झामुमो को न्यायलय पर भरोसा रखना चाहिए : संतोष सोनी

**रांची :** जदयू के झारखंड प्रदेश महामंत्री सन्तोष सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इंडिया उलगुलान न्याय महारैली को राहुल गांधी द्वारा प्रायोजित न्याय महारैली का ही फ्लॉप कार्बन कॉपी बताते हुए आयोजको से सवाल पूछा कि क्या उन्हें भ्र्ष्टाचार की पूरी तरह छूट दे देना ही न्याय कहलाएगा ? सोनी ने इंडिया उलगुलान न्याय महा रैली के पोस्टर से पूरे रांची शहर को पाट दिया गया है क्या कोई बताएगा कि इतना खर्च कहाँ से आ रहा है,या चुनाव आचार सहिता लागू रहने से इस महाखर्च को इंडिया गठबंधन का महाखर्च माना जाय अथवा झामुमो का ? सोनी ने यह भी सवाल खड़ा किया कि आखिर विपक्ष को न्यायालय पर विश्वास क्यों नही होता ? वे बारबार न्याय महारैली का ही आयोजन कर जनता को क्यों बरगलाने का प्रयास करते रहते है।

### एकाउंटेंट संजय हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे।

## फुटबॉल के प्रति इन बच्चियों को हमारा फाउंडेशन कर रहा है मदद : सचिन तेंदुलकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुनिया के दिग्गज क्रिकेटरों में शुमार सचिन तेंदुलकर शनिवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वे सीधा रेडिशन ब्लू होटल गये। होटल में कुछ देर रुकने के बाद फिर ओरमांझी में आयोजित सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। सचिन यहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चियों के साथ घंटों खेलते नजर आए। सचिन ने कहा कि ये हमारे लिए यादगार दिन है। इस दौरान उन्होंने बच्चियों के साथ खूब मस्ती की। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी थी। वे भी सचिन तेंदुलकर के साथ बच्चियों के बीच मस्ती करते दिखी। इस दौरान कभी वे बच्चियों को गोद में उठाकर उनके साथ खेलते दिखी तो कभी उनके साथ तस्वीरें लेते। सचिन और उनकी पत्नी ने भी किसी को निराश नहीं किया और सभी के साथ एक ग्रुप फोटो ली। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। लोगों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।



### दो दिन पहले मनाया जन्मदिन

सचिन तेंदुलकर ने कार्यक्रम के बाद सचिन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ये हमारे लिए यादगार दिन रहा। मेरे साथ मेरी पत्नी अंजली के अलावा हमारी पूरी टीम थी। सभी लोग युवा फाउंडेशन की टीम के साथ समय बीताने आए थे। उन्होंने अपने फाउंडेशन के बारे में जानकारी देते हुए आगे कहा कि हमारा फाउंडेशन तीन क्षेत्रों में शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य पर काम करता है। इसी से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ युवा फाउंडेशन बेहतर काम कर रही है। यहां बच्चियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जाता है। इन लोगों कि अपना भविष्य चुनने के लिए हमसे जो मदद होगी वह करेंगे। वहीं इन बच्चियों के साथ अपना जन्मदिन भी मनाया जबकि सचिन का जन्मदिन तीन दिन बाद 24 अप्रैल को है। लेकिन वे इन बच्चियों की खुशी के लिए पहले ही जन्मदिन का केक काटा।

बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने सचिन तेंदुलकर को राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था। दरअसल चुनाव आयोग का उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन बनाने का मकसद लोगों की चुनाव में भागीदारी बढ़ाना है। सचिन का चुनाव आयोग के साथ ये समझौता तीन साल के लिए है।

बता दें इसी शहर के महेंद्र सिंह धोनी भी हैं वे भी शुरआती दौर मूल फुटबॉल खेलते थे झारखंड में फुटबॉल का क्रेज है लेकिन धोनी बड़े लोगों के साथ फुटबॉल खेलते दिखेंगे। लेकिन उन्हीं के शहर में सचिन बेहतर काम कर रहे हैं इस की जानकारी लंबे समय बाद सर्वाजनिक हुआ।

## मतदाताओं को जागरुक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची वीमेंस कॉलेज का सभागार... वोट करेगा रांची की आवाज से गूंज रहा था और कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रही थी... मौका था, रांची वोटर्स ऐंथम की लॉन्चिंग का। थ्री टू वन की काउंटिंग के साथ मतदाता जागरुकता कार्यशाला मं ऐंथम की लॉन्चिंग हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, वीमेंस कॉलेज की प्रिंसिपल, प्रोफेसर, कॉलेज की छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

**कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को जागरुक करने और शहरी क्षेत्र में बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने कहा कि जिला की स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची के मतदाता एक वोट के महत्व को समझें, खुद भी वोट करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान केन्द्र लेकर आयें। उन्होंने एक बार फिर से रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। 25 अप्रैल 2024 तक बीएलओ एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर आवेदन दिया जा सकता है।

## एएसपी निशा मुर्मू के आवास पर लगी आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को अचानक एक मकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई तब पता चला कि यह घर झारखंड पुलिस में पदस्थापित एएसपी निशा मुर्मू कण है। यह घटना गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली में अवस्थित मकान पर हुई। यह निशा मुर्मू के निजी आवास है। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग का वाहन पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। हालांकि आंकलन के बाद ही पता चल पाएगा कि कितने की संपत्ति का नुकसान हुई है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी है, लेकिन फिलहाल सही वजह सामने नहीं आ पाई है।

## दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के मामले में दो नाबालिग निरुद्ध, एक बालिग को भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है जबकि एक युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित नाबालिग लड़की की मां ने बताया है कि उसकी बेटी गुरुवार को मौसेरी बहन के साथ चान्हो में मेला देखने गई थी। उसकी बेटी के साथ दो लड़के भी थे, जो पूर्व से उनके परिचित थे। मेले से लौटने के दौरान आरोपितों ने रास्ते में ही एक खाली मकान में डरा-धमकाकर दोनों नाबालिगों के साथ दुष्कर्म किया। जब दोनों नाबालिग गुरुवार देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजन उनकी तलाश के लिए



निकले। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को उनका कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान एक नाबालिग आरोपितों के चंगुल से आधी रात को ही भाग खड़ी हुई। इस बीच उस लड़की की मुलाकात परिजनों से हुई, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शुक्रवार को मांडर थाना पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरी पीड़िता को खलारी-बिजुपाड़ा मार्ग के पास स्थित जंगल से खोज निकाला। थाना प्रभारी राहुल ने शनिवार को बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पकड़ लिया गया है। इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिनको निरुद्ध किया गया है। उन्हें रिमांड होम भेजा गया है। एक बालिग आरोपित को जेल भेजा गया।

## यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गर्मी के दिन और ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 08014/08013 रांची भागलपुर रांची साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इन ट्रेनों में एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 06 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 07 कोच, वातानुकूलित 3- टियर के 06 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर के 01 कोच होंगे। ये ट्रेन 10 ट्रिप चलेगी। ट्रेन संख्या 08014 रांची भागलपुर समर स्पेशल, यात्रा प्रारंभ 25/04/2024 से यात्रा प्रारंभ 27/06/2024 तक प्रत्येक गुरुवार



को रांची से प्रस्थान करेगी. इस ट्रेन का रांची प्रस्थान ( गुरुवार ) 23:25 बजे, मूरी आगमन 00:30 बजे प्रस्थान 00:32 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01:40 बजे प्रस्थान 01:45 बजे, धनबाद आगमन 03:45 बजे प्रस्थान 03:50 बजे, जसीडीह आगमन 06:47 बजे प्रस्थान 06:49 बजे, किउल आगमन 09:02 बजे प्रस्थान 09:04 बजे एवं भागलपुर आगमन ( शुक्रवार ) 12:00 बजे होगा।

## सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 25 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट अब 25 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। इससे पूर्व दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला 20 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया था लेकिन शनिवार को अदालत के नहीं बैठने के कारण आदेश पारित नहीं किया जा सका। फिलहाल अफसर अली पूर्व



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में ईडी के रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ मामले में चार्जशीट दाखिल हो गया है और जांच भी पूरी हो गई है। ईडी ने अफसर अली को कोर्ट के अनुमति से 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था।

तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा, रांची महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी बालमुकुंद सहाय सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। । सांसद संजय सेठ ने कहा कि युवा मोर्चा ने रांची सहित पूरे झारखंड में भाजपा के अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने युवा मोर्चा से जुड़े अपने संस्मरण भी कार्यकर्ताओं को सुनाएं



और कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है। मुझे विश्वास है कि वह मोर्चा पुरे दमखम के साथ लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए काम करेगी। विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए काम करेगी। इस बैठक में अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने आने वाले चुनाव को लेकर अपनी तैयारी को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। उन्होंने यह भी कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर से संपर्क करेंगे। मुख्यरुप से बालमुकुंद सहाय, संजीव विजयवर्गीय, के के गुप्ता, बलराम सिंह, मृगांक शेखर, प्रियांक भगत, श्री निवास, रणजीत नाथ सहदेव, कुंदन कुमार, टुनटुन यादव, सुभम जैसवाल, पीयूष विजयवर्गीय, अक्षय पल्लव, संजय चौधरी, आशीष अग्रवाल, उज्जवल मिश्रा, सुमित पांडेय, विशाल यादव, नीरज बख्तावर, राजू पांडेय, सूलु राज, सुजीत कुमार , चिंटू झा सहित सैकड़ों की संख्या में युवा शामिल हुए।

## निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित पांच आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक बढ़ी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** धन-शोधन (मनी लॉन्डरिंग)) मामले के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन सहित पांच आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिरसा मुंडा जेल से ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने इनकी न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता और राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र के जरिये टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गई है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों में छापेमारी के दौरान ईडी को करीब 40 लाख से अधिक नकदी और डेढ़ करोड़ के आभूषण मिले थे। ईडी ने उनके कई लग्जरी वाहन भी बरामद किये थे।

## बीस पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची को मिली गुप्त सूचना मिली थी इसी के आधार पर एक टीम गठित किया गया है। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर बडा पुल के पास, कुछ लोगों के द्वारा प्रतिबंधित नशीला पदार्थ का अवैध रूप से खरीद बिक्री कर रहे है। प्राप्त उक्त सूचना के प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची के नेतृत्व में



छापामारी कराई गयी है, जिसमें तीन व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। पकड़ाये व्यक्ति मुकेश राय, हरशिवनगर, जुरावनपुर करारी, थाना जुरावनपुर जिला वैशाली, बिहार वर्तमान पता हरमु आनंदपुरी चौक, मुक्तिधाम, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास से सिल्वर फॉईल में लपेटा हुआ 05 पुडिया नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर, एक ब्लु रंग का विवो कंपनी का मोबाईल तथा एक काला रंग का सैमसंग कंपनी का किपैड मोबाईल फोन तथा होंडा साईन मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच01 डीएक्स 4610 बरामद किया गया, मुकेश तिर्की, विधानगर बड़ा पुल, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास से सिल्वर फॉईल में लपेटा हुआ 10 पुडिया नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर एवं 500 रुपया का कुल 41 नोट 20,500/- रुपया और तीसरा व्यक्ति रंजन कुमार सिंह, हरमु विधानगर, के पास से सिल्वर फॉईल में लपेटा हुआ 05 पुडिया नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद किया गया है जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर उपरोक्त तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

इस अभियान में सुखदेव नगर थाना प्रभारी आदि शामिल थे।

## इंडी गठबंधन की रैली में सनातन विरोधियों का होगा जमावड़ा : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि रांची में इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित रैली में देश, विरोधी सनातन विरोधी, झारखंड विरोधी, विकास विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। इसमें वही लोग शामिल हो रहे हैं, जिसने झारखंड को बेचने और खरीदने का काम किया है। वह शनिवार को पार्टी का मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि आम लोगों की भी यही राय है। इंडी गठबंधन की ओर से शहर में जगह-जगह रैली को लेकर होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इस बारे में एक आम आदमी से उनकी बात हुई। उनका कहना था कि यहां जुटने वाले सभी देश, विकास, सनातन और झारखंड के विरोधी रहे हैं। अगर देश में बीजेपी के सरकार नहीं बनती और अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नहीं बन पाता।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल तक देश में



राज किया इस दौरान उसने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को दबाने का काम किया जयपाल सिंह को खरीदने का काम किया उनकी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया शिबू सोरेन का उपयोग सरकार बचाने में किया। पैसा देकर आंदोलन को दबा दिया। ये सभी आदिवासियों की बात करते हैं। राज्य और यहां की निवासियों की विकास की बात करते हैं। इसका कभी उन्होंने ख्याल नहीं रखा। आदिवासियों के विकास, उन्हें मान सम्मान देने और राज्य को विकास के पथ पर ले जाने का काम भाजपा और एनडीए गठबंधन ने किया है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने वचन दिया था कि सत्ता में आते ही झारखंड अलग राज्य की स्थापना होगी। सत्ता में आने के बाद उन्होंने 15 नवंबर, 2000 को अलग राज्य बना दिया। यह सोच एक आम आदमी की है।मरांडी ने कहा की रैली शामिल होने वाले लोग सत्ता में आने पर सारा समय लूटने में लगाते हैं। हेमंत सोरेन 4 साल सरकार में रहे। आज वे जेल में हैं। जैसे जैसी करनी वैसी भरनी वाली कहावत उनपर पर चरितार्थ हो रही है। सत्ता मिलने के बाद नदी, बालू, पहाड़ तक नहीं छोड़ा। राजमहल के पहाड़ को खोद दिया। राजमहल में 1000 करोड़ के पत्थर का अवैध खनन हुआ है।

## कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई 23 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 23 अप्रैल निर्धारित की है। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था। इजहार पर 86568 टन कोयला मंडी में बेच कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का भी आरोप है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में समर्पण दिवस पर हवन यज्ञ का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में महात्मा हंसराज जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य यजमान के रूप में पिपरवार क्षेत्र के एजीएम रंजय सिन्हा और विद्यालय के प्राचार्य आरबी प्रसाद उपस्थित थे।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इस मौके पर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।समर्पण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में अंतर सदनीय हवन यज्ञ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कक्षा नवम तथा द्वादश के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।जिसमें हंसराज हाउस, विवेकानंद हाउस,श्रद्धानंद हाउस और दयानंद हाउस के बीच हवन यज्ञ प्रतियोगिता कराया गया।जिसमें दयानंद हाउस के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया।वही विवेकानंद हाउस को द्वितीय तथा हंसराज हाउस तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इस अवसर पर पिपरवार एरिया के एजीएम रंजय सिन्हा ने विद्यालय के हेड ब्वॉय और हेड गर्ल को सैश पहनाकर विद्यालय मे कर्तव्य के लिए प्रेरित किया।हेड ब्वॉय के रूप में शिवम सिंह और हेड गर्ल के रूप में संचिता तिवारी का चयन किया गया।विद्यालय के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होना चाहिए। हवन यज्ञ विद्यालय के धर्म शिक्षक ओपी यादव द्वारा संपन्न कराया गया।मंच संचालन एसके पांडेय द्वारा किया गया।इस मौके पर इस मौके पर प्राचार्य आरबी प्रसाद,एके लाल,एसके पाण्डेय,एके शर्मा,एके घोष,आरआर दत्ता, जीएसपी शर्मा,सुदिप्ता डे, सीएस सिंह,एपी द्विवेदी, आभा खन्ना,सुरेश कुमार, मोहम्मद शाहिद,सुमित कुमार,फिरोज आलम सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# कोयलांचल मे चिलचिलाती धूप, उमस भरी गर्मी व लु से लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे भीषण और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है।गर्मी के आक्रमक रूप से हर कोई परेशान है।सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है,जिसके कारण चौक चौराहो व बाजारो मे सन्नाटा पसरा हुआ रहता है।गर्मी मे कड़ी धूप के साथ चल रही लू ने लोगो को घरो मे कैद कर रख दिया है।इधर गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों पर देखी जा रही है।सुबह स्कूल जाने मे तो कोई दिक्कत नही हो रही है, लेकिन स्कूल से घर आने मे बच्चों के पसीने छुट रहे है।स्कूली बच्चे चिलचिलाती धूप व लू का सामना कर घर पहुंच रहे है,जिससे अब अभिभावको की चिंता बढ़ने लगी है।इधर झारखण्ड सरकार ने सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलो मे 11-30 बजे तक बच्चो को छुट्टी देने का आदेश जारी किया है।अब बच्चे और अभिभावक भी गर्मी की छुट्टी की आस लगाये है।इधर कोयला खदानो मे काम करने वाले कोयला मजदूरो को भी खदान क्षेत्र मे काम करने मे पसीने छुट रहे है।वही ड्यूटी आने जाने मे लू का सामना करना पड़ रहा है।कोयलांचल क्षेत्र के तापमान मे लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है,ऐसे मे लोगो की मुश्किले भी बढ़ती नजर आ रही है।स्थानीय लोगो का मानना है कि कई वर्षो के बाद अप्रैल माह मे भयावह गर्मी देखने को मिला है।लोगो का कहना है कि आने वाले दिनो मे गर्मी का क्या रूप होगा भगवान ही जाने।फिलहाल गर्मी और लू से बचने के लिए कोयलांचल के लोग सभी प्रकार के उपाय कर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे है।वही कोयलांचल क्षेत्र मे बिजली की आंख मिचौनी से भी लोग परेशान है।बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाको मे बिजली काटे जाने से लोग गर्मी से परेशान है।

# बढ़ते तापमान से जल संकट गहराया जन जीवन अस्त-व्यस्त



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड में बढ़ते तापमान से जल संकट गहराया नदी नाले सुख रहे हैं। सिल्ली प्रखंड के सिंगपुर लोहार टोला में सोलर पंप भी काम नहीं कर रहा हैं यहां की महिलाएं पीने के पानी के लिए धुप में इधर उधर भटक रहे हैं। हर घर जल नल योजना के तहत हर घर में पानी का पाइप लगाकर कनेक्शन भी किया गया है पर सिंगपुर लोहरा टोला में आज तक एक बुंद पानी को नसीब नहीं हुआ है। वहां के लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।इतनी कड़ी धुप में लोगों का जीना बेहाल हो गया है। घरों से बहार निकल नहीं पा रहे हैं। लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लग रहा है की आसमान से आग का गोला बरस रहा है। डेली मजदूरी करने वाले को इस धुप में काम करने में काफी कठिनाई हो रही है। बच्चों को भी स्कूल आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार को स्कूलों की समय में परिवर्तन करना चाहिए ताकि बच्चे सुरक्षित रह सके।छोटे छोटे स्कूली बच्चे इस बढ़ती तापमान से तप जाते हैं।

## आजसू पार्टी का जनसंपर्क अभियान जारी



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज नामकुम प्रखंड के सिठियो, हरदाग, सोदाग, हुडुवा, बंधुवा आदि पंचायत में ग्राम प्रभारी संगठन तैयार करते हुए आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों का समझते हुए कई गांवों का धुँवाधार दौरा करते हुए आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह,राँची जिला अध्यक्ष वीणा देवी ने किया बैठक में सभी ग्राम प्रभारियों को 28 अप्रैल को होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर मे उपस्थित होने का आग्रह भी किया गया। इस मौके पर कुदरत अंसारी,राजू उराँव, गणेश महतो,शान्ति देवी,मीना देवी,निकलोश मुंडा,मिनहाज अंसारी,मधु सिंह बिंझिया,दीपा देवी,एन डी अख्तर अहमद, मशीह सोय,इरशाद अंसारी, संजय कच्छप,परवेज अख्तर सोनू उराँव,आदि लोग उपस्थित रहे ।

## भारतीय तीरंदाजी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित कृष्ण घटक विधायक से मिले



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा मुंडा तीरंदाज़ी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सह झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं एकेडमी की अध्यक्ष सह झारखण्ड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो से मिली भारतीय तीरदांजी की पहली अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित कृष्ण घटक जी और साथ में भारतीय तीरंदाजी संघ के सहायक सचिव गुंजन ओबेरॉय से मिलकर तीरंदाजी के विकास के बारे में चर्चा की साथ में शामिल अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम हरेंद्र सिंह मौजूद थे

## मंत्रोच्चारण कर ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में मनाई गई महावीर जयंती

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बचपन प्ले स्कूल अ यूनीट ऑफ ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में स्वामी महावीर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्या, सभी संयोजक - संयोजिका, शिक्षक - शिक्षिकाओं और सेकेंडरी सेक्शन के सभी जैन समुदाय के बच्चे एवं छात्र - छात्राओं ने स्वामी महावीर जी की मंत्रोंच्चारण कर प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। जहाँ उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया. कक्षा सात के आरव हिसारिया ने आकर्षक तरीके से महावीर के मुख्य उपदेशों को बताया. कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका अर्चना चंदन, पूजा झा, सीसीए प्रभारी सदफ नाज, गुरजीत कौर, षिक्षिका सोनी गुप्ता, ईषिका नंदी, काषीनाथ कुमार, सुरज कुमार, चंदन, मुकेष कुमार, अभिनाष कुमार, देवाषीष चक्रवर्ती, जैनेंद्र कुमार पांडेय, रजनीश कुमार, मनीमाला दत्ता, अर्चना सिन्हा, विकास गुप्ता एवं विद्यालय के सभी षिक्षिकेत्तर कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

## भारती उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नावाडीह स्थित भारती उच्च विद्यालय वर्षो से माध्यमिक परीक्षा में शानदार रिजल्ट देते आ रहा है। वही प्रत्येक वर्ष के भाती इस वर्ष भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में शानदार अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के लक्ष्मी कुमारी ने 467, वीरेंद्र पंडित 457, चांदनी कुमारी 455, सुनैना कुमारी 453, पूजा कुमारी 451, अर्चना कुमारी 451,प्रियांशु वर्मा 450, मोहित कुमार 450, निशा कुमारी 449, प्रियूंशा राज 447, सपना कुमारी 446, अरविंद वर्मा 446, रौशन साव 446 एवम सोनी कुमारी ने 444 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निदेशक महावीर प्रसाद वर्मा ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से 174 छात्र छात्राओं ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा लिखा जिसमें 120 छात्र-छात्राओं ने 80त्न अंक लाया जबकि 53 बच्चों ने 60 और 80 के बीच अंक लाया है। शानदार रिजल्ट आने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य ने इसका श्रेय विद्यार्थियों एवम शिक्षकों के कड़ी मेहनत को तथा अभिभावकों के उचित मार्ग निर्देश को दिया है। वही प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पिपरवार के कल्याणपुर में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक स्थित सरना क्लब के समीप हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के विधायक प्रत्याशी मनोज चन्द्रा मौजूद थे।बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विचार विमर्श किया गया एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प लिया गया।बैठक मे सभी लोगों ने एक स्वर में इंडिया गठबंधन को अधिक से अधिक वोट दिलाने, जनसंपर्क तेज करने,डोर टू डोर कैंपेन करने पर विचार विमर्श किया गया।आगामी 20 मई को चतरा लोकसभा में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए मतदाताओ से अपील किया गया।बैठक मे मनोज चन्द्रा के अलावे रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन, कांग्रेस पार्टी के युवा अध्यक्ष रवि भारद्वाज,टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,जेएमएम नेता सलीम अख्तर,रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सदस्य जेपी महाराज,सामाजिक कार्यकर्ता इदरीश अंसारी, रामचंद्र उरांव,अब्दुल अंसारी, जुबैर आलम,सलीम अख्तर, हाजी जसीम,मो. जुल्फान, सचिन पासवान,फहीम राजा, मो. जमसेद,कृष्णा यादव, इंदरजीत उरांव,राहुल राम, दृपाल भगत,मो. खुर्शीद,जेपी महाराज,बीरू मुंडा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और उनके माता पिता को प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई ने किया सम्मानित




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई राँची में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं और उनके माता पिता को विद्यालय के निर्देशक और प्राचार्या के द्वारा बुके और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई के पाँच छात्रों ने इस वर्ष 10 वी बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी लोगों ने फर्स्ट क्लास से परीक्षा उत्तीर्ण किया। जिसमें आफरीन प्रवीण ने 86.4 %, अलिया महविष्य 70.2 %, सादिया प्रवीण ने 69.2%,हसनैन रजा 69.2% और अंजलि कुमारी ने 66% अंक प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निर्देशक मोजाहिदुल इस्लाम ने कहा कि इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकाओ का महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होंने दिन रात मेहनत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकाओ माहिरा प्रवीण, शाहजादी प्रवीन, ताजीम अंसारी, शाह जफर, सुहैल और अल्तमस का विशेष योगदान रहा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वच्छ संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का मतदान दिन से पहले और मतदान दिन का समय में अहम जिम्मेदारी होती है।

सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने सेक्टर अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों तक जाने का रूट चार्ट तैयार कर लेंगे ताकि मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी को जाने में किसी प्रकार की दिक्कतें न हो। सभी सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने मतदान केंद्र पर कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने को कहा ताकि किसी प्रकार की दिक्कतें होने पर कम्युनिकेशन किया जा सके । मतदान केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा गया। उपायुक्त ने कहा कि रूट चार्ट से संबंधित रिपोर्ट यथाशीघ्र निर्वाचन शाखा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशिक्षण देने को कहा गया और ईवीएम वीवीपैट का भी प्रशिक्षण देने को कहा गया ताकि ईवीएम वीवीपैट में किसी तरह की समस्या होने पर पदाधिकारी प्राजईडिंग आफिसर से संपर्क कर कार्य का निस्तारण कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कोडरमा से क्लस्टर व इंटरमीडिएट स्टॉग रूम से संबंधित जानकारी प्राप्त की और उसमें सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित दिशा-निर्देश दिए।

उपस्थिति : बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी मरकच्चो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अन्य मौजूद रहे।

# आजसू जिला कमिटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता की अध्यक्षता में हुई. आजसू जिला कार्यालय दूधी माटी में हुए बैठक में आजसू पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय एवं केंद्रीय सचिव अजीत बरनवाल केंद्रीय कमेटी सदस्य बाल गोविंद मोदी विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक के संचालन केंद्रीय कमेटी सदस्य मनोज कुमार यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन शंभू कुमार बर्णवाल ने किया।बैठक को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रभारी ने कहा कि राज्य में हम एनडीए घटक दल का एक अंग है इसलिए कोडरमा में भी हम बीजेपी के द्वारा दिए गए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ।इसके लिए हमें जिस प्रकार लोकसभा में 3 लोकसभा प्रभारी बनाए गए हैं।

हम भी इसी तर्ज पर चुनाव जीतने के लिए ग्राम स्तर पर तीन-तीन चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है ।इसको लेकर आज सभी प्रखंडों और नगरों को चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं ।

मौके पर अजीत बर्णवाल जिलाध्यक्ष राजकुमार मेहता ने कहा हमारी पार्टी क्षेत्रीय विचारधाराओं को जोड़कर काम करने के लिए कृत-संकल्पित है। क्षेत्र की जन्नमुद्दों व जन-समस्याओं को हम इस बार बेहतर तरीके से निदान करने का प्रयास करेंगे।बैठक में जिला सचिव प्रकाश कुमार ,जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार,जीतेंद्र कुमार मेहता,अम्बुज पटेल, सुरेन्द्र कुमार मेहता,नीतेश कुमार सिन्हा, अवनीश कुमार,ने भी बातें रखीं। बेहतर चुनाव प्रबंधन खातिर कोडरमा बाल गोविंद मोदी, बृजनंदन यादव एवं शंभू बरनवाल; डोमचांच रोहित कुमार मेहता जितेंद्र मेहता एवं सूरज कुमार शर्मा; सतगावां भोलाशंकर प्रसाद ऊर्फ मंटू कुमार गुप्ता, सतीश यादव,प्रवीण कुमार एवं पंकज कुमार गुप्ता; मरकच्चो शंकर साव तथा रामचंद्र राणा; जयनगर मनोज कुमार यादव,कफिल अहमद तथा चंदवारा मनोज ठाकुर को प्रखंड चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

## शांतिपूर्ण रामनवमी संपन्न होने पर समिति ने जताया आभार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा में रामनवमी पूजा आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर रामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा सभी लोगों को बधाई दी गई है।समिति के धीरेन्द्र कुमार शर्मा ने पूजा और जुलुश मे सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए बधाई दी है,साथ ही आगे भी इसी तरह सहयोग करने की अपील की है।बधाई देने वालो मे धीरेंद्र कुमार शर्मा,प्रमोद प्रजापति,प्रकाश राणा,राजकुमार सिंह,पप्पू सोनी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## अनियमित विद्युत आपूर्ति से मरकच्चो वासी परेशान

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता काफी परेशान है। व्यवस्था के सुधार में मानो कोई गुंजाइश नहीं हो रही है। इन दिनों कई दिनों से बिजली विभाग की उदासीनता का आलम यह है कि 24 घंटे में मुश्किल से 8 से 10 घंटे ही बिजली रह पाती है वह भी रात में। शुबह से दिनभर बिजली इतनी कटती है कि लोगो का जीना दूभर हो गया है। शाम में भी बिजली इतनी कटती है कि ग्रामीणों के साथ साथ विद्यार्थियों को भी पुराने जमाने के लालटेन व मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ रहा है। रात में रातभर दिन में दिनभर कई कई घण्टों तक बिजली गुल रहती है। ग्रामीणों की मानें तो सूबे की सरकार की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की घोषणा केवल आवश्वासनों का पिटारा है। ग्रामीण आज भी लालटेन युग में जीने को विवश हैं। इसके पहले के दिनों में मरकच्चो प्रखंड वासियों को 24 घण्टे में लगभग 18 से 20 घण्टे बिजली की आपूर्ति होती थी। जानकारी अनुसार बिजली की अनियमितत आपूर्ति से त्रस्त उपभोक्ता एवं विद्यार्थी आंदोलन का मन बना रहे हैं।

## उपायुक्त नें की बीएलओ के साथ बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बिरसा सांस्कृतिक भवन में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में कोडरमा प्रखंड के सभी बीएलओ शामिल हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि 23 अप्रैल 2024 तक मतदाता पंजीकरण फार्म 6 भरा जा सकता है, अभी भी अगर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से वंचित हैं, उन छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़े। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ से बूथ अवेयरनेस ग्रुप के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि आगामी 20 मई 2024 को लेकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक करें और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलायें। उपायुक्त ने सभी बीएलओ से होम वोटिंग मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के सर्वे की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि उक्त मतदाताओं को मतदान करने के लिए वाहन की व्यवस्था का आकलन कर लेंगे। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोडरमा प्रखंड अंतर्गत जितने भी नये मतदान केंद्र बनाये गायें हैं, उन मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें। सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान केंद्र अंतर्गत वॉलिंटियर्स को चिन्हित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचलाधिकारी गिरेंद्र टुटी व बीएलओ मौजूद रहे।

## विवेकानंद कॉन्वेंट में स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल का हुआ चुनाव

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2024-2025 के लिए स्कूल हेड बॉय व हेड गर्ल का चुनाव करवाया गया गया। दो दिन पूर्व बच्चों के बीच चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया गया था। जिसमे नामांकन दाखिला से लेकर नाम वापसी व चुनाव प्रचार की प्रक्रिया शामिल था। जिसमें हेड बॉय के लिए कक्षा दशम के राहुल कुमार तुरी, अंशुमान साव व रौशन कुमार शर्मा और हेड गर्ल के लिए कक्षा दशम की लिली गुप्ता, कक्षा नवम की सलोनी कुमारी व कक्षा नवम की सोना कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ा। वोटर के रूप में कक्षा एक से दशम तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से वोटिंग किया। चुनाव पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली से सम्पन्न करवाया गया। चुनाव के उपरांत शिक्षकों ने मतों की गिनती कर रिजल्ट की घोषणा किए। जिसमे हेड बॉय के लिए राहुल कुमार तुरी ने कुल 213 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रौशन कुमार शर्मा को 88 वोटों से हराकर हेड बॉय बना। वही हेड गर्ल के रूप मे लिली गुप्ता ने सर्वाधिक 154 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोना कुमारी को 18 वोटों से हराकर हेड गर्ल बनी। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता बने हेड बॉय व हेड गर्ल को माला पहनाकर व चुनाव सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। तथा उन्हें बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। चुनाव संपन्न करवाने में शिक्षक चंदन कुमार व राहत अली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। वही चुनाव पदाधिकारी के रूप में रानी शर्मा व आरती गुप्ता व सहायक पदाधिकारी के रूप में उत्तम कुमार व अनूपम दास तथा राजीव रंजन ने अपना-अपना भूमिका निभाया। चुनाव उपरांत बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि विद्यालय में चुनाव करवाने का मुख्य वजह बच्चों के अंदर लोकतांत्रिक मूल्यों व अधिकारो के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा चुनाव की प्रक्रिया को समझकर अपने अधिकारों व दायित्वों के निर्वहन करने के लिए सजग करना है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नामांकन प्रक्रिया की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की आरओ सेल के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : 09-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिसूचना जारी करने की तिथि 29 अप्रैल को निर्धारित है । अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन हेतु नामांकन प्रपत्र की बिक्री एवं नामांकन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी । नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुगम व्यवस्था के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा आर.ओ सेल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की गई । निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में सिटिंग प्लान,



100 मीटर के दायरे में बेरिकेडिंग, नामांकन प्रक्रिया की वीडियाग्रोफी, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सेल के कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें जाएं। 28 अप्रैल को ड्राई रन किया जाएगा इसलिए तैयारियों को दुरूस्त कर लें । बैठक में एडीएम(एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे ।

## सभी कंपनी परिसर में 22 से 24 अप्रैल तक होगा मतदाता सूची में छूटे हुए कर्मियों का नाम निबंधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत निजी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई ।

बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर की आवश्यकता की समीक्षा की गई ।

साथ ही कंपनी प्रतिनिधियों से सीएसआर मद के माध्यम से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का




निर्देश दिया गया। इसके अलावे सभी कंपनी परिसर में 22 से 24 अप्रैल तक अभियान चलाकर छूटे हुए कर्मियों के नाम निबंधन कराने का निर्देश दिया गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी कंपनी प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि जिनके वेतन का भुगतान वे छुट्टी के एवज में करेंगे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं ।

बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी समेत गेल, एचसीएल, टाटा पॉवर, टाटा कमिंस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाटास्टील-यूआएसएल, यूसीआईएल, नुवोको समेत अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## झलकियां

### पटना विमेंस कॉलेज एलुमनाई एसो. ने लोयोला हिन्दी स्कूल में किया हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : पटना विमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत लोयोला हिन्दी स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया । इस कैंप में लगभग सौ बच्चों के दांत एवम आंख का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच किया गया । साथ ही लगभग पंद्रह शिक्षक एवम शिक्षिकाओं के खून और रक्तचाप की भी जांच की गई। इस शिविर में लोयोला हिन्दी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर एस पैनक्रास एस जे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। डॉक्टरों की टीम में डॉ मुकेश पटवारी दंतचिकित्सक, पूर्णिमा नेत्रालय के मार्केटिंग मैनेजर मनीष राज, नर्स मौशुमी चंद्रा, नेत्र विशेषज्ञ अहिदूर रहमान, डॉ शुभाशीष दे तथा ब्रह्मानंद हॉस्पिटल से सुरभि और नंदिनी मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक के रूप में पटना विमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष विद्या तिवारी, सचिव पूनम महथा, पूर्व सचिव निधि श्रीवास्तव, सोशल वर्क इन चार्ज आशा सिन्हा, मंजू रानी सिंह, रूबी सिन्हा और शिल्पी सिन्हा दत्ता मौजूद थीं। प्रेसिडेंट विद्या तिवारी तथा सेक्रेटरी पूनम महथा ने सभी का स्वागत पौधों तथा गिफ्ट से किया। आशा सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पटना विमेंस कॉलेज जिसे अविभाजित बिहार का गौरव माना जाता था की पूर्व छात्राओं की एक शाखा जमशेदपुर में पिछले 25 वर्षो से निरंतर समाज सेवा में लगी हुई है. इस अल्युमनाई संघ से लौह नगरी जमशेदपुर की अनेक प्रतिष्ठित महिलाएं जुड़ी हुई हैं दिन में जिन में डॉ शुक्ला मोहंती, डॉ पिंकी मिधा, डॉ शुभ्रा द्विवेदी, डॉक्टर चंद्रा पाठक, डॉ. जूही समर्पिता देविका सिंह मीना प्रधान लीला घोष का नाम उल्लेखनीय है।

### माइक्रो फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट दो लाख रुपये लेकर फरार, मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा** : माइक्रो फाइनेंस कंपनी आईआईएफएल के रिकवरी एजेंट के खिलाफ कंपनी के मैनेजर ने दो लाख रुपए गबन करने का मामला दर्ज कराया है। कमलपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि जमशेदपुर निवासी साकेत उज्ज्वल पटमदा क्षेत्र में कंपनी से ऋण लेने वाले ग्राहकों से रिकवरी (वसूली) का काम करते हैं। पिछले दिनों क्षेत्र से दो लाख रुपये वसूल कर वह फरार हो गया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर ने बताया कि लिखित आवेदन में मैनेजर ने कहा है कि साकेत उज्ज्वल कंपनी में फील्ड रिकवरी एजेंट के रूप में कार्य करता था। ग्राहकों को दिए जाने वाले ऋण हर महीने वसूल कर कंपनी में वह जमा करता है। ग्राहकों से वसूले गए दो लाख रुपये कंपनी में बिना जमा किये ही गायब हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि काटिन बाजार में भी कंपनी का कार्यालय है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

## टाटा स्टील ने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : टाटा स्टील ने अग्नि सुरक्षा, इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए 14 से 20 अप्रैल के बीच अपने सभी स्थानों पर राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत 14 अप्रैल को टाटा स्टील फायर ब्रिगेड, जमशेदपुर में हुई। अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ सिक्यूरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन, मेजर अनिल कुमार, हेड टाउन सिक्यूरिटी, अभय रंजन, सीनियर मैनेजर, फायर ब्रिगेड, शाहनवाज खान, यूनियन कमेटी मेंबर फायर ब्रिगेड, फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज और सिक्यूरिटी सर्विसेज के कर्मचारियों ने अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। सप्ताह के दौरान, आग की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कुछ गतिविधियों में अग्नि रोकथाम पर पोस्टर का विमोचन और वितरण, स्कूलों में आपातकालीन तैयारियों पर जागरूकता सत्र, टाटा स्टील कर्मचारियों के बीच ऑनलाइन इंट्रानेट क्विज़ शामिल थे, जिसमें 2,436 टाटा स्टील कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार की आग को रोकने के लिए दैनिक अग्नि सुरक्षा परामर्श जारी किए गए और 4,800 स्कूली बच्चों, 260 शिक्षण कर्मचारियों और 60 गृहणियों के लिए अग्निशामक के उपयोग पर प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। टाटा मोटर्स लिमिटेड, इंडियन वायर एंड स्टील प्रोडक्ट लिमिटेड, जेसीएपीसीपीएल, जैमीपॉल लिमिटेड और टीएमएच अस्पताल में मॉक ड्रिल सत्र आयोजित किए गए। टाटा स्टील फायर सर्विस कर्मियों द्वारा जेपीएस स्कूल, एआईडब्ल्यूसी स्कूल, जुस्को स्कूल, डीबीएमएस स्कूल, विद्या ज्योति स्कूल, नरभेराम हंसराज स्कूल, टाटा मेन हॉस्पिटल, टाटा पिगमेंट लिमिटेड, टाटा स्टील लिमिटेड, ट्यूब डिवीजन, टाटा स्टील गम्हरिया, आईएसडब्ल्यूपी में प्राथमिक चिकित्सा और अग्निशामक के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। लगभग 850 कंपनी कर्मचारियों और ठेकेदारों को आपातकालीन देखभाल और आग पर नियंत्रण के लिए जागरूक किया गया। जमशेदपुर में मीडिया के लिए अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया।

## गर्मी को देखते हुए उपायुक्त ने स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में अत्यधिक गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा जिला अंतर्गत सभी स्कूलों के समयसारिणी में बदलाव का निर्देश दिया गया है। जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएँ सुबह 7.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 12.00 बजे तक संचालित की जाएगी।




इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियाँ धूप में संचालित नहीं की जाएगी, परन्तु मध्याहन भोजन का संचालन जारी रहेगा। यह आदेश 22 अप्रैल से अगले आदेश तक लागू रहेगा।

## कुणाल साहदेव चेरीटेबल ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुणाल साहदेव चौक पुराना विक्रमादित्य उच्च विद्यालय के पास कुणाल साहदेव चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा कुणाल साहदेव के स्मृति में उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कुणाल साहदेव के मुर्ती पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। वहीं सिंहभूम क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष हेमंत सिंह देव व गोपाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सिंहभूम क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष हेमंत सिंह देव ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी रक्त दाताओं में काफी जागरूकता है। वहीं अतिथियों ने कुणाल साहदेव के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर पूर्व शिक्षक व समाज सेवी कालिदास आदित्य देव मुखिया राखो हरी सिंह मुण्डा, पंसस कालीपद लायेक, उप मुखिया दिनेश चन्द्र मंडल, जवाहरलाल साहदेव, मनोज सिंह, सुल्तान अंसारी, शरिफान बीबी,तापस मंडल, बासुदेव आदित्य देव, रूपेश बनर्जी, अश्विन बनर्जी, हीरालाल गोराई, संजय मंडल, गणेश मंडल, निखिल रंजन प्रामाणिक, देवीलाल पटेल, विक्रम सिंह देव, अभिषेक आदित्य देव, रंजीत लाल साहदेव,रूपेश वर्मा, रितेश आदित्य देव आदि उपस्थित थे ।

## प्रखंड के अधिकारी चुनाव कार्यों में व्यस्त ग्रामीण पेयजल समस्या को लेकर त्रस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा** : लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड के अधिकारीगण मतदान प्रतिशत बढ़ाने से लेकर चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देशों को पूरा करने में व्यस्त हैं जबकि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई करने का उनके पास वक्त नहीं है। यही वजह है कि भीषण गर्मी के कारण एक ओर जहां बोड़ाम क्षेत्र के गांवों में जलस्तर तेजी से जा रहा है और लोगों को प्यास बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बेलडीह पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल गांव बांकादा के मुदीकुल्ही टोला में इन दिनों 25 परिवार के लोगों को दूर से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। गांव के बासुकी मुदी, किंकर मुदी व विशखा तंतुबाई बताते हैं कि करीब डेढ़ माह से इस टोला में लगे



सोलर आधारित जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। इसकी सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य ममता महतो ने बीडीओ नाजिया अफरोज के कार्यालय में 11 अप्रैल को आवेदन देकर मरम्मत कराने की मांग की लेकिन अब तक मरम्मत नहीं होने से लोग परेशान हैं। खासकर महिलाओं को दूसरे टोले से कड़ी धूप में लाइन में लगकर पानी भरना पड़ रहा है।

## बंकारकुड़ी में विराट छऊ नृत्य का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुकड़ु** : कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के बंकारकुड़ी में दो दलों के बीच मानभूम शैली का छौ नृत्य का आयोजन किया गया। बंकारकुड़ी राम नवमी सोलह आना समिति द्वारा आयोजित दो दलों के बीच रामायण, महाभारत पर आधारित गणेश बंदना, महिषासुर बध, कीराट, अष्ट सखी सहित कई नृत्य का प्रस्तुती किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह, भाजपा नेता विनोद राय, अशोक साहु, गिरि, जितेंद्र सिंह विनोद प्रामाणिक,गणेश महतो कार्तिक महतो आदि उपस्थित थे। बंगाल के पद्मश्री नेपाल महतो व विभूति महतो एवं छऊ दल द्वारा छौ नृत्य का प्रदर्शन किया गया। वहीं राज परिवार के कल्याण चन्द्र सिंह ने कहा कि छऊ हमारे प्राचीन कला संस्कृति है, इसका आयोजन सराहनीय है। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। मौके पर कार्यक्रम के संचालक दिलीप प्रामाणिक, कृष्णा मास्टर सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पटमदा : झामुमो दलित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने अजय रजक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा** : झारखंड आंदोलनकारी सह वरिष्ठ झामुमो नेता अजय रजक को दलित मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय ने उन्हें पत्र भेजकर जानकारी दिया है।

अजय रजक ने बताया कि पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मा सौंपा गया है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करेंगे।

इधर नवचयनित दलित मोर्चा के जिलाध्यक्ष को जिला बीस सूत्री सदस्य प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, वीर सिंह सोरेन, अरुण कुमार, राजा सिंह, अब्दुल बारी व अन्य सदस्यों ने शनिवार को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह** : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरायकेला जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में आज नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पथ कम्युनिकेशन की ओर से नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी पंचायत में एवं आदरडीह पंचायत में लोक कला मंच के द्वारा कुचाई प्रखंड के रोलाहातु एवं तरम्बा में एवं नाटकर्मी के द्वारा राजनगर प्रखंड विभिन्न क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया एवं शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान लोगों से किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम जन मानस को मतदाता के महत्व के बारे में समझाया और मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर बैनर प्रदर्शित किया गया।

## रांची में ऊलगुलान रैली आज, जमशेदपुर से कांग्रेस समर्थकों का जत्था होगा शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि कल रविवार प्रातः 8.30 बजे जमशेदपुर से ऊलगुलान रैली रांची के लिए सैकड़ों वाहनों में कांग्रेसी एवम जनता प्रस्थान करेगी एवम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं गठबंधन के नेताओं का झारखंड की पाक धरती में स्वागत करेंगे।



धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी और भाजपा का 400 पार का सपना चूर हो चुका है। देश की जनता ने बता दिया है कि यह देश तानाशाही और झूठे वादे बर्दाश्त करने वाला नहीं है।

बब्लू झा ने कहा की जनता की अदालत में नरेंद्र मोदी और बीजेपी हार चुकी है और इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल जैसे विपक्षी दल के नेताओं को ईडी, सीबीआई इनकम टैक्स के सहारे बदनाम और परेशान किया जा रहा है। झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष रईस रिज़वी छब्बन ने कहा की इस बार देश की जनता ही इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रही है एवम जीत सुनिश्चित कराएगी।

## बचपन के दोस्त ने पत्रकार को दिया धोखा, जमीन में पैसा लगाने का झांसा देकर लगाया दस लाख का चूना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया** : बचपन के मित्र ने ही गम्हरिया निवासी पत्रकार गणेश सरकार को लगाया लाखों का चूना। अपना रकम मांगने पर अब उसे ही धौंस दिखा रहा है। प्रखर समाजसेवी और मजदूरों का मसीहा कहे जानेवाले अपने मित्र की गद्दारी से आहत गणेश अब न्यायालय की शरण मे जाने की सोच रहे हैं। इस



बाबत गणेश सरकार ने बताया कि बीते वर्ष 2021 में उसके मित्र आदित्यपुर निवासी सह जदयू प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश ने दो साल में पैसे डबल करने का झांसा देकर उससे 10 लाख रुपए कर्ज के रूप में लिया था। दो वर्ष पूरा होने के बाद जब उसने पैसों की मांग की तो वह टालमटोल करते हुए उसे मात्र 2.5 लाख रुपए वापस किए। शेष राशि देने से वह मुकर गया। सत्य प्रकाश द्वारा उसे 17 लाख रुपए का तीन चेक दिया गया था जो बैंक में बाउंस हो गया। उन्होंने बताया कि सत्यप्रकाश जमीन के कारोबार से भी जुड़ा है और स्नेहा कंस्ट्रक्शन का मालिक है। बताया कि जमीन में पैसा लगाने के उद्देश्य से ही उसने पैसे उधार लिए थे। इसके लिए उसने एग्रीमेंट भी किया था। किन्तु, उसमे भी फर्जीवाड़ा किया।

विचार मंथन

संपादकीय

## दोषपूर्ण जांच आरोपी को बरी का आधार नहीं

**दिल्ली** हाईं कोर्ट ने कहा कि दोषपूर्ण जांच आरोपी को बरी करने का आधार नहीं हो सकता। अगर ऐसा होता है तो लोगों का न्यायपालिका पर से विश्वास उठ जाएगा। कोर्ट ने यह कहते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सासननद को बरी करने के आदेश को निरस्त कर दिया और नए सिरे से जांच करने का आदेश दिया। उसने माना कि इस मामले में जांच अधिकारी की भूमिका संदिग्ध रही और निचली अदालत ने भी तथ्यों का सही तरीके से अध्ययन नहीं किया। न्यायमूर्ति सुब्राण्यम प्रासाद ने पुलिस से मृतका की मां सरोज भोला की एसडीएम के समक्ष दो जुलाईं 2015 को दिए बयानों के आधार पर जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी अन्य जांच अधिकारी से जांच करवाने को कहा है जो निरीक्षक स्तर से नीचे का न हो। उन्होंने इस तथ्य की भी जांच करने को कहा है कि क्या यह मामला आत्महत्या के उकसाने की अपेक्षा दहेज हत्या का बनता है या नहीं? न्यायमूर्ति ने कहा कि जांच एजेंसी की चूक या लापरवाही आरोपी के पक्ष में जाती है तो अदालत का दायित्व बनता है कि वह सही जांच कराए। अदालत को इस तथ्य के प्राति अपनी आंखें बंद नहीं करना चाहिए कि वही पीड़ित हैं जो अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं और न्याय चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि दोषपूर्ण व लापरवाहीपूर्ण जांच के कारण अभियुक्त बच जाता है तो अदालत की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान मामले में त्रुटिपूर्ण जांच होने की संभावना होने के बावजूद निचली अदालत ने फिर से जांच के आदेश नहीं दिए। मामले में प्राथम दृष्टया साक्ष्य हैं कि मृतका को ससुराल में दहेज प्राताड़ना का सामना करना पड़ा। सत्र न्यायाधीश ने अपने पैसले में माना कि जांच में गंभीर लापरवाही है। इसके बावजूद उन्होंने दहेज हत्या के अपराध पर विचार नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि हर मामले में मजिस्ट्रेट को आरंभिक सुनवाईं में यह सुनिाति करना चाहिए कि जांच ठीक तरीके से हो और आरोपी बच न सके। इस मामले में तथ्यों से स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता ने समय-समय पर संयुक्त पुलिस आयुक्त व पुलिस आयुक्त को जांच अधिकारी के खिलाफ शिकायत दी। इस तथ्य पर भी ध्यान नहीं दिया गया कि पुलिस ने एसडीएम को दोबारा कहने के 10 माह बाद मामला दर्ज किया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री आंचल का 26 अप्रौल 2012 को विवाह हुआ था। ससुराल पक्ष उसे दहेज के लिए प्राताड़ित करता था और विवाह के करीब ढाईं वर्ष बाद 24 अक्तूबर 2014 को आंचल का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने उनके बयान एसडीएम के समक्ष दर्ज होने के बावजूद इसे आत्महत्या का मामला बताते हुए एफआईंआर दर्ज नहीं की। दो जुलाईं 2015 को उन्होंने पुनः एसडीएम के समक्ष शिकायत की तो पुलिस ने 10 माह बाद मामला दर्ज किया। लेकिन जांच में लापरवाही से आरोपी बरी हो गए।

> कोर्ट ने यह कहते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सासननद को बरी करने के आदेश को निरस्त कर दिया और नए सिरे से जांच करने का आदेश दिया। उसने माना कि इस मामले में जांच अधिकारी की भूमिका संदिग्ध रही और निचली अदालत ने भी तथ्यों का सही तरीके से अध्ययन नहीं किया। न्यायमूर्ति सुब्राण्यम प्रासाद ने पुलिस से मृतका की मां सरोज भोला की एसडीएम के समक्ष दो जुलाईं 2015 को दिए बयानों के आधार पर जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी अन्य जांच अधिकारी से जांच करवाने को कहा है जो निरीक्षक स्तर से नीचे का न हो। उन्होंने इस तथ्य की भी जांच करने को कहा है कि क्या यह मामला आत्महत्या के उकसाने की अपेक्षा दहेज हत्या का बनता है या नहीं? न्यायमूर्ति ने कहा कि जांच एजेंसी की चूक या लापरवाही आरोपी के पक्ष में जाती है तो अदालत का दायित्व बनता है कि वह सही जांच कराए। अदालत को इस तथ्य के प्राति अपनी आंखें बंद नहीं करना चाहिए कि वही पीड़ित हैं जो अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं और न्याय चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि दोषपूर्ण व लापरवाहीपूर्ण जांच के कारण अभियुक्त बच जाता है तो अदालत की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान मामले में त्रुटिपूर्ण जांच होने की संभावना होने के बावजूद निचली अदालत ने फिर से जांच के आदेश नहीं दिए। मामले में प्राथम दृष्टया साक्ष्य हैं कि मृतका को ससुराल में दहेज प्राताड़ना का सामना करना पड़ा। सत्र न्यायाधीश ने अपने पैसले में माना कि जांच में गंभीर लापरवाही है। इसके बावजूद उन्होंने दहेज हत्या के अपराध पर विचार नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि हर मामले में मजिस्ट्रेट को आरंभिक सुनवाईं में यह सुनिाति करना चाहिए कि जांच ठीक तरीके से हो और आरोपी बच न सके।

### भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला

## विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन 'मोदी की गारंटी'

राघवेंद्र शर्मा

> 'भाजपा का संकल्प पत्र–मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि ₹जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है।

**देश** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 04 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि ₹जिन्हें कोई नहीं पूछता उन्हें हम पूजते हैं यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है। साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है। किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे। लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अतः उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है। लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया। किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश



सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, वरन्‌भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी। भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आशय स्पष्ट है भाजपा के तीन प्रमुख संकल्प थे। इनमें से पहले कालखंड में अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समाहित माना जाए, तो दूसरे कालखंड की सौगात अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर को माना जा सकता है। जब भाजपा शासन के दो कालखंडों में अपने दो महत्वपूर्ण और असंभव से प्रतीत होने वाले संकल्प पूरे कर चुकी है, तब मतदाता को यह भरोसा करना ही चाहिए कि अब जब जनता भाजपा को तीसरे कालखंड का जनादेश देने जा रही है तब वह अपना तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का भी पूरा करके दम लेगी। इसी के साथ यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि विरोधी लोग अपनी हार को सम्मुख देखते हुए भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं कि वह केवल मंदिरों और देवलोकों की बात करके देश को भरमा रही है। जबकि सच यह है कि भारतीय जनता पार्टी तथा उसके द्वारा शासित विभिन्न प्रदेशों की सरकारें व केंद्र की मोदी सरकार ₹विकास और विरासत₹ को साथ लेकर नए भारत का ताना-बाना बुन चुकी हैं। उदाहरण के लिए जहां अयोध्या के श्रीराम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, दक्षिण भारत की पवित्र सैंगोल, मध्य भारत के महाकाल लोक, पश्चिमी भारत की द्वारकापुरी और पूर्वी भारत में मां काली के विराट प्रादुर्भाव की बातें की जाती हैं तो उन्हें साकार भी किया जाता है। इसी हमारे देश की सनातन विरासत को सहेजने का क्रम माना जाना चाहिए। जहां तक विकास की बात है तो अब भारत में सुरक्षा का क्षेत्र आत्मनिर्भर हो चला है। औद्योगिक क्षेत्र में वैश्विक स्तर के बड़े-बड़े निर्माण मेकिंग इंडिया के तहत हमारे देश में ही हो रहे हैं। वंदेभारत के रूप में अत्याधुनिक ट्रेनों की व्यापक शृंखलाएं पूरे देश के यातायात को सुगम कर रही हैं। राष्ट्रीय नेशनल मार्गों की फोरलेन सिक्स लेन और अब आठ लेनों वाली शृंखलाएं तथा आश्चर्यचकित कर देने वाले फ्लाईओवर ब्रिज विकसित देशों को पीछे छोड़ चुके हैं। चीन और पाकिस्तान से सटे हुए सीमांत प्रदेशों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर दुश्मनों को चुनौती दे रहा है। देश के अधिकांश भागों में विद्युत आपूर्ति अब सहज सुलभ तथा अनेक प्रांतों में सरप्लस हो चुकी है। फलस्वरूप एक दशक पहले जब अत्यावश्यक कार्यों के लिए भी विद्युत उपलब्ध नहीं हो पाती थी, अब वहां लाखों इलेक्ट्रॉनिक वाहन सरप्लस बिजली से रिचार्ज होकर विदेशी ईंधन से मुक्ति पा रहे हैं। यही नहीं, अब बिजली बिल जीरो करने की कवायद का भी ऐलान हुआ है। जिसके तहत पीएम सूर्य योजना में एक करोड़ रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। 24 जून के बाद इस मामले में गति और तेज होने जा रही है, जिससे हम खुद बिजली उत्पादक बनेंगे। अपने उपयोग की बिजली इस्तेमाल करने के बाद जो बचेगी उसे सरकार को बेच भी पाएंगे। यानी आम के आम गुठलियों के दाम। कोरोना के बाद जहां अनेक देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई। वहां लोग रोटी के लिए भी मोहताज हो गए। तब भारत की भाजपा शासित मोदी सरकार ने न केवल वैक्सीनेशन का कीर्तिमान बनाया बल्कि वह दूसरे देशों को भी उपलब्ध कराई।

दृष्टि कोण

## ईंवीएम पर संदेह करना, भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करना है

**भारत** दुनिया की बड़ी आबादी वाला एक लोकतांत्रिक देश है और पूरी दुनिया उसे एक तेजी से उभरते देश के रूप में न केवल देख रही है बल्कि अनेक मौकों पर उसकी सराहना करती रही है। ईंवीएम पर संदेह करना, भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करना है उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिग मशीन (ईंवीएम) के कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार करने से मना कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हर पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं। न्यायमरूति संजीव खन्ना, न्यायमरूति दीपांकर दत्ता और न्यायमरूति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह अदालत पहले भी कईं याचिकाओं पर गौर कर चुकी है और ईंवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार कर चुकी है। न्यायमरूति दत्ता ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमो्रोटिक रिफॉम्र्स की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण द्वारा जर्मनी में चुनाव का उदाहरण दिये जाने पर कहा कि यह (भारत में चुनाव) एक बहुत बड़ा कार्यं है। कोईं भी यूरोपीय देश ऐसा करने में सक्षम नहीं हो सकता। आपने जर्मनी की बात की लेकिन वहां की आबादी कितनी है। मेरा गृह राज्य पामि बंगाल जर्मनी से कहीं अधिक आबादी वाला है। हमें चुनावी प्र्रिया में आस्था और विश्वास बनाए रखना होगा। इस तरह तंत्र को कमजोर करने की कोशिश न करें। दरअसल ईंवीएम को लेकर तर्व वितर्व की लंबी पेहरिस्त है और अभी तक इसपर संदेह करनेवाले अपने तर्व को सही साबित नहीं कर पाये हैं। हर कोईं जानता है कि मत पत्रों से मतदान में क्या समस्याएं थीं। यह भी पता है कि मत पत्रों के इस्तेमाल से क्या गलतियां हुईं। मानवीय हस्तक्षेप के कारण समस्या पैदा होती है। न्यायालय ने भी कहा कि बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के मशीनें ठीक से काम करेंगी और सटीक परिणाम देंगी। समस्या तब पैदा होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है। विपक्ष में खासकर कांग्रेस को ईंवीएम से शिकायत बनी रही है लेकिन जब वह चुनाव जीतती है तो वह ईंवीएम में गड़बड़ी की शिकायत नहीं करती है। पिछले महीने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर मुंबईं के ऐतिहासिक शिवाजी पार्व मैदान में आयोजित जनसभा में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नेताओं ने हिस्सा लिया था। लगभग सभी ने ईंवीएम का मुद्दा उठाया और कहा था कि अगर उनकी सरकार आएगी तो वे ईंवीएम को हटा देंगे। इन विवादों से परे हटकर चुनाव आयोग लोकसभा 2024 के आम चुनाव से पहले नागरिकों को मतदान प्र्रिया का साक्षात अनुभव कराने और ईंवीएम (मशीनों) से परिचित कराने के लिए ईंवीएम और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपेट) पर एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यं्राम चला रहा है। लोकसभा के आम चुनाव और राज्य विधान सभा चुनाव से पहले आयोजित किया जाने वाला जागरूकता कार्यं्राम ईंवीएम और वीवीपेट की बुनियादी विशेषताओं के बारे में जानकारी प्रदान करने, वोट डालने की ्रामिक प्र्रिया को स्पष्ट करने और मतदाताओं को वीवीपेट पचा के माध्यम से वह अपनी पसंद वैसे सत्यापित कर सकते हैं, इस बारे में शिक्षित करने पर वेंद्रित है। ईंवीएम और वीवीपेट को सामने प्रर्दशित करने से इनकी कार्यंक्षमता की गहरी समझ को बढ़ावा मिलता है और यह गलतफहमियां दूर करने, मतदाताओं का विश्वास बढ़ाने और अधिक सूचित और सहभागी मतदाता सुनिाति करने में सहायक है। चुनाव आयोग ने ईंवीएम हैकिग और छेड़छाड़ के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाईं थी जिसने मईं 2019 में अपनी रिपोर्ट दी थी। इस रिपोर्ट में ईंवीएम की हैकिग या उससे छेड़छाड़ क्यों नहीं हो सकती, इसके दो तर्व दिए गए थे। पहला तर्व था कि चुनाव आयोग जिस ईंवीएम का इस्तेमाल करता है वह अपने आप में इकलौती मशीनें होती हैं। उसे न तो किसी कम्प्यूटर से नियंत्रित किया जाता है और न ही इंटरनेट या किसी नेटवर्व से जोडा जा सकता है। ऐसे में उसे हैक करना नामुमकिन है। इसके अलावा ईंवीएम में जो सॉफ्टवेयर इस्तेमाल होता है, उसे रक्षा मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा मंत्रालय से जुड़ी सरकारी वंपनियों के इंजीनियर बनाते हैं। इस सॉफ्टवेयर के सोर्स कोड को किसी से भी साझा नहीं किया जाता है। दूसरा तर्व था कि भारत में इस्तेमाल होनेवाली ईंवीएम (मशीन) में दो यूनिट होते हैं। एक वंट्रोलिग यूनिट और दूसरी बैलेटिग यूनिट। ये दोनों अलग-अलग यूनिट होती हैं और इन्हें चुनावों के दौरान अलग- अलग ही बांटा जाता है। अगर किसी भी एक यूनिट के साथ कोईं छेड़छाड़ होती है तो मशीन काम नहीं करेगी। इसलिए कमेटी का कहना था कि ईंवीएम से छेड़छाड़ करना या हैक करने की गुंजाइश न के बराबर है। इसके अलावा हर ईंवीएम का एक अलग सीरियल नंबर होता है। चुनाव आयोग एक ट्रैकिग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करता है जिससे पता चलता है कि कौन सी मशीन कहां है, तो उससे छेड़छाड़ करना संभव नहीं है। तकनीकी दृष्टि से ईंवीएम अभी तक हर कसौटी पर खरा उतरा है और उससे छेड़छाड़ का दावा करनेवाले अपने दावों को सही साबित नहीं कर पाये हैं। तेजी से बदल रही दुनियां में आगे बढ़ने और उन्नत तकनीकी के इस्तेमाल की मांग लगातार बढ़ रही है।

कुछ अलग

## छात्रों की दर्दनाक मौत


**हरियाणा** के महेंद्रगढ़ स्थित कनीना में ड्राइवर की लापरवाही से एक निजी स्कूल की बस के पेड़ से टकराने के बाद हुई दुर्घटना में छह छात्रों की मौत हृदय विदारक है। दो भाइयों की मौत से उनके परिवार पर क्या गुजर रही होगी, अहसास करना कठिन नहीं है। इस तरह के हादसे हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरते हैं। इसे एक दुर्घटना कहने की बजाय आपराधिक लापरवाही कहना उचित होगा। जिसमें स्कूल प्रबंधन, चालक तथा प्रशासन की काहिली की बराबर की जिम्मेदारी है। एक खटारा बस को शराबी चालक द्वारा बेलगाम रफ्तार से दौड़ाना एक आपराधिक कृत्य ही कहा जाएगा। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब ईद पर राष्ट्रीय अवकाश था तो स्कूल क्यों खोला गया था? सार्वजनिक अवकाश के दिन स्कूल खोलने पर प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जानी चहिए। इस दुर्घटना में कई स्तर पर आपराधिक लापरवाही नजर आती है। ग्रामीणों के अनुसार कई साल पहले इस बस के फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि खत्म हो चुकी थी, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए इसे सड़कों पर चलाया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन मोटी फीस वसूलने में तो लगा रहता है लेकिन उसे ख्याल क्यों नहीं आया कि बस का फिटनेस प्रमाणपत्र छह साल पहले खत्म हो चुका है। क्यों नहीं देखा कि ऐसे वाहन से तमाम बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है? सवाल उठना लाजिमी है कि बस की हालत और चालक की आदतों को देखते हुए इन मासूमों के जीवन को खतरे में डालने की स्थिति क्यों पैदा होने दी गई? सवाल पुलिस प्रशासन पर भी है कि क्यों बेलगाम गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी का कोई तंत्र काम नहीं कर रहा है? विडंबना है कि हर हादसे के बाद शासन-प्रशासन चुस्ती दिखाता है और कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कमोबेश इस घटना के बाद भी इसकी पुनरावृत्ति होगी। विडंबना यह है कि सरकारी स्कूलों की बदहाली से खिन्न होकर जागरूक अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यमों वाले प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। अभिभावकों की इसी सोच के चलते अनेक कारोबारियों, व्यापारियों तथा राजनेताओं ने बड़े नाम व चमक-दमक वाले निजी स्कूल खोल लिये हैं। लेकिन इन स्कूलों में शैक्षिक मानकों तथा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में घोर लापरवाही बरती जाती है। छात्रों से फीस तो मोटी ली जाती है लेकिन उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायी जाती। शिक्षकों को दिये जाने वाले वेतन को लेकर भी अकसर सवाल उठते रहते हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि कम वेतन व असुरक्षित सेवाओं के बावजूद शिक्षक व अन्य कर्मचारी मिल जाते हैं। कमोबेश यही स्थिति ड्राइवरों की भी है। चालक को इतना वेतन नहीं मिलता है कि प्रशिक्षित व अनुभवी चालक इन बसों में तैनात किये जा सकें। जिसका नतीजा महेंद्रगढ़ के कनीना में हुआ हादसा है। जिसके चालक पर आरोप है कि वह ड्यूटी के दौरान शराब पीकर नशे में बस को बेतहाशा दौड़ा रहा था। निस्संदेह, ऐसी स्थितियां ही दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। हमेशा की तरह शासन-प्रशासन ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, परिवहन विभाग के किसी कनिष्ठ कर्मी को निलंबित किया है। कुछ दिनों मामले के गरम रहने तक नई सुरक्षा घोषणाएं होती रहेंगी। नेताओं की तरफ से संवेदनाएं व्यक्त की जाती रहेंगी। कुछ दिनों बाद फिर स्थितियां ढर्रे पर लौट आएंगी। ऐसे हादसों को टालने के लिये अभिभावकों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। उन्हें अभिभावक-शिक्षक बैठकों में बच्चों की सुरक्षा व बसों की आवागमन स्थिति को लेकर स्कूल प्रशासन पर निरंतर दबाव बनाना चाहिए।

देश दुनीया से

## पूवरेत्तर में मोदी और शाह का जादू

> भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूवरेत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग–अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी परटियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं। गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूवरेत्तर में वैंपेन की कमान संभाली हुईं है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिाति करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, ''हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।

**पूवरेत्तर** में मोदी और शाह का जादू पूवरेत्तर भारत के राज्यों में आगामी 19, 26 अप्रैल और फिर 9 मईं को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूवरेत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी परटियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं। गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूवरेत्तर में वैंपेन की कमान संभाली हुईं है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिाति करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, ''हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।'' पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूवरेत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूवरेत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में पैली हुईं हैं। इनमें, अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। इन 25 सीटों में से 14 पर पहले चरण में 19 अप्रैल और 11 सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 के परिणाम दोहराने की है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का पैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईंस्ट पर हैं। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथलपुथव मची हुईं है। इस बीच, एक खबरिया चैनल के मुताबिक, 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं, बदरुद्दीन अजमल की एआईंयूडीएफ की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है. वहीं, नॉर्थ ईंस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सव्रे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईंस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं। इस बीच, पूवरेत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएमडि वाइन) को केन्द्रीय बजट 2022- 23 में 100 प्रतिशत वेंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नईं वेंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को वेंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6,600 करोड़ के वुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था। पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। पूवरेत्तर मामलों के



जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूवरेत्तर राज्यों के इंप्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इस बीच, राजधानी में रहने वाले पूवरेत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मईं को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है। पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गईं थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गईं थी। दिल्ली शर्मसार भी हुईं थी। टी. वांगमू नोरबू दरजिलिग से हैं। कहती हैं, दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईंस्ट, दरजिलिग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईंस्ट से है। बेशक, दिल्ली पुलिस की नार्थ ईंस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुईं थी।

आप का नजरीया

## बहन जी ने एकला चलो की ठानी

**बसपा** सुप्रीमो मायावती जो कहती हैं वो करती हैं, करके दिखाती हैं, लगातार कईं चुनावों में बेहतर परिणाम न आने के बाद भी उनके तेवर में कोईं कमी नहीं आईं है। जहां देशभर में छोटी से लेकर बड़ी पार्टियां एनडीए या इंडिया गठबंधन में जाने को आतुर हैं, वहीं बसपा सुप्रीमों ने यूपी में आम चुनाव अपने दम-खम पर लड़ने का पैसला किया है। हालांकि इस पैसले ने सबको चौंका जरूर दिया। उनको आज भी अपने वैडर पर पूरा विश्वास है कि वह उनके साथ है। यही वैडर उनका गुमान और अभिमान भी है। बसपा का नारा है - सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय। वह दबे, वुचले, शोषित, वंचितों के लिए राजनीति करती हैं। वह अपने भाषण की शुरुआत भी इनको लेकर ही करती हैं। देशभर की पार्टियों पर आरोप लगाती हैं कि चुनाव के समय दलित, शोषित और वंचित याद आते हैं। मायावती चुनाव नजदीक आते ही भाजपा, कांग्रोस, सपा व अन्य विपक्षी पार्टियों पर डॉ. भीमराव अंबेडकर, कांशीराम, संत रविदास की याद आने का ढोंग करने का भी आरोप लगाती हैं। मायावती ने इंडिया गठबंधन से दूर रहकर अपने वैडर के भरोसे चुनाव में उतरने का पैसला किया है। भतीजे आकाश के जरिए प्राचार की रणनीति अपनाईं है और सोशल मीडिया पर प्राचार को प्राथमिकता दी जा रही है। टिकटों के वितरण में मायावती ने मुस्लिम के साथ ब्राrण, क्षत्रिय और ओबीसी को टिकट देकर वर्ष 2007 की तरह सोशल इंजीनियरिग का दांव चला है। इसके जरिए वह कांग्रोस-सपा और भाजपा दोनों को चुनौती देने की कोशिश कर रही हैं। मायावती सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात वैडर के लोगों तक पहुंचा रही हैं। बसपा ने सबसे पहला गठबंधन 1993 में यूपी में सपा के साथ विधानसभा चुनाव में किया था। दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ीं और सत्ता में आईं। लेकिन वह गठबंधन टूट गया। मायावती भाजपा संग गठबंधन कर 1995 में यूपी में पहली बार सीएम बनीं, लेकिन यह साथ भी अधिक दिनों तक नहीं चला। उन्होंने 2019 में लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन तो किया लेकिन मुफीद नतीजे न आने पर सपा को वैडर विहीन पाटा बताकर तुरन्त गठबंधन तोड़ने का ऐलान कर दिया। दलितों की पाटा बसपा को 40 साल होने जा रहे हैं। रविवार को बसपा का 40वां स्थापना दिवस है। पिछले 24 साल से बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव बादलपुर में जन्मी मायावती हैं। पाटा के नए उत्तराधिकारी आकाश आनंद का जन्म भी नोएडा में ही हुआ है और वह वहीं पर पढ़े-लिखे हैं। मायावती 2001 से पाटा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। बीते 40 सालों में बसपा ने अधिक उतार- चढ़ाव देखे। इन दिनों बसपा अपने बुरे दौर से गुजर रही है। जिसके पास पूरे प्रादेश में सिर्प एक विधायक है। पाटा सुप्रीमों के गृह नगर गौतमबुद्ध नगर में ही बसपा का कोईं जनप्रातिनिधि नहीं है, जबकि दस साल पहले तक यहां पर बसपा का वर्चस्व हुआ करता था। 14 अप्रौल 1984 को कांशीराम द्वारा बसपा का गठन किया गया था। उन्होंने बसपा को स्थापित करने के लिए कड़ा संघर्ष किया।

# मतदाता जागरूकता वर्चुअल रियलिटी वैन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत चतरा-4 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 को निर्धारित है। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देश पर स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में चतरा जिले के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति रचनात्मक तरीके से जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझाने के लिए सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय झारखण्ड रांची से प्राप्त वर्चुअल वैन को आज समारहणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया। वही उन्होने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

# चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को राजद का मिला पूरा समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ आज उत्सव पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि चतरा में राजद का जनाधार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा गठबंधन में चतरा सीट कांग्रेस को दे दिया गया है, जिसके वजह नेता कार्यकर्ता में रोष है। उन सभी के आक्रोश को जल्द ही मिल बैठ कर जल्द ही सभी मामलों का निपटारा कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी का पूरे क्षेत्र में जनाधार है और पूरे जोर शोर के साथ जनता के बीच जायेंगे।हालांकि राजद के कुछ नेता विरोधी खेमा में बैठकर विरोध कर रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश महासचिव अरुण कुमार यादव, प्रदेश सचिव दीपक कुमार साहू, पांडे प्रदीप कुमार शर्मा, बब्बन पासवान, सैयद अजीम उद्दीन ख्वाजा सहित अन्य उपस्थित थे।

# रामनवमी मेला में भुलाया मोटरसाइकिल लावारिस स्थिति में बरामद, लाभुक खुश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अन्तर्गत सिन्दवरिया टांड़ के आगे कहुआ घाट जंगल से शनिवार को लावारिश स्थिति में बाइक बरामद किया गया है। बता दें की बाइक रामनवमी मेलाटांड़ से बृहस्पतिवार संध्या को भुलाया हुआ था। जिसे लेकर भुक्तभोगी ने थाना में खोजबीन के लिए आवेदन भी दिया था। शनिवार सुबह भूत्कभोगी ने बाइक सुरक्षित अपने कब्जे में ले घर लाया है। बाइक गिद्धौर नीचे टोला निवासी दशरथ राणा का है।दशरथ राणा ने बताया कि महुआ चुनने वाले लोगों ने लावारिश स्थिति में बाइक पड़े होने की सुचाना पत्रकार भूपेंद्र पांडेय को दीया था। पत्रकार सुचाना मिलते ही उक्त स्थल पर पहुंच कर गाड़ी नंबर की जांच कर पता कर मोटरसाइकिल चालक दशरथ राणा को जानकारी दिया गया। और बाइक के पास भूक्तभोगी के लेकर पत्रकार पहुंचे। और जब भूक्तभोगी मोटरसाइकिल को देख पहचान कर अपने साथ ले आया है। मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 13 डी4516 है।बाइक से अज्ञात चोरों ने बैट्रिक की चोरी कर ली है। मालूम हो कि बीते 18 अप्रैल की देर शाम गिद्धौर रामनवमी मेला टांड में मेला से अज्ञात चोरों ने बाइक की चोरी कर फरार हो गया था।

# प्रचंड गर्मी में भी नही पहुंच रहा सभी घरो में पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** घर घर जल नल योजना अंतर्गत सरकार सभी घरों मे पानी पहुँचाने के उदेश्य से लाखो खर्च कर आवश्यकता अनुसार सोलर जलमीनार लगाया गया. लेकिन बारियातू प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत पुरनासिबला दिले उरांव के घर के पास, भाटचतरा प्रदीप पाण्डेय के घर के पास व राजगुरु पेंसरा मनदीप उरांव के घर के बगल और सालवे गाँव के गजुआ टोला व गड़गोमा मे सुभास कुमार के घर के सामने लगे जल मीनार पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण प्रचंड गर्मी मे आम जन मानस को पेयजल आपूर्ति सहित दैनिक कार्यो के लिए काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.आम जनो के सुविधा के लिए सरकार द्वारा खर्च किए गए जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाए गए जलमिनार अनियमितता के भेंट चढ गया है. उपरोक्त टोला गांव मे निवास करने वाले सभी घरो के लिए सरकार के महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल -जल योजना अंतर्गत जलमिनार लगाया गया था। लेकिन यहां लोग गर्मी मे पेयजल के लिए बेहाल हैं। इधर संवेदक मस्त है। ग्रामीणों के मुताबिक संवेदक और पंचायत प्रतिनिधि को समस्या से अवगत कराते थक गए लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीण बोले उरांव, दिले उरांव, सुले उरांव, जगदिश गंझु, दसरथ गंझु, रमेश गंझु, मनोज गंझु, सुरेंद्र गंझु, गोविन्द गंझु, लुरक गंझु, गुडे सर गंझु सहित कई ग्रामीण ने बताया कि इस संबंध मे संबंधित संवेदक को कई बार सुचना दे चुके है परन्तु कोई समाधान नहीं किया गया है. ग्रामीणों ने बढते हुए गर्मी के प्रकोप को देखते हुए उपायुक्त व सम्बंधित विभाग से पेयजल जल की समस्या का निराकरण कर पेयजल सुविधा बहाल कराने की गुहार लगाया है।

# मुखिया ने राहगीरों के लिए शुभारंभ किया मटका शुद्ध प्याऊ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** गरमी के दस्तक से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हैं।शुक्रवार को कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहु ने अपने पंचायत क्षेत्र के छः अलग अलग जगहों पर मटका शुद्ध प्याऊ का व्यवस्था कराया है।ताकि आस पास के अलावे राहगीरों व स्कूली बच्चों को पानी पीने में सहूलियत मिल सके मुखिया ने कुंदा बस स्टैंड,अंबडेकर चौक, अस्पताल एवं बैंक चौक, नगर टोला चौक पर प्याऊ का व्यवस्था कराया है। मुखिया ने कहा कि गरमी के मौसम में पानी राहगीरों को बहुत ही आवश्यक है यह कार्य मुखिया अपने निजी ख़र्च से पिछले चार वर्षों से लगातार सुविधा लोगों को देते आ रहे हैं। उदघाटन के मौके पर मुखिया ने स्वंय राहगीरों को पानी पिलाकर शुभारंभ किया है राहगीरों ने मुखिया द्वारा इस कार्य को लेकर काफी प्रशंसा कर रहे है कहा कि उनका सोच ग्रामीण हित को लेकर हमेशा चर्चा में रहते है किसी भी क्षेत्र में मदद में आगे रहते हैं।

# ब्लॉक ग्राउंड से नई मोटरसाइकिल की बैट्री एवं पेट्रोल की चोरी, चोर फरार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय परिसर ग्राउंड से शनिवार को एक मोटरसाइकिल से बैट्री एवं पेट्रोल निकाल अज्ञात चोरों ने फरार हो गया है। बताते चलें कि मोटरसाइकिल जेएसएलपीएस के कर्मी बड़ा बाबू अमरजीत सिंह का बताया जा रहा है। भूक्तभोगी ने बताया कि सुबह ऑफिस आने के बाद गाड़ी को ग्राउंड में लगाए। और ऑफिस में काम करने के लिए चले गए। दोपहर जब मोटरसाइकिल को देखा था तो उस समय भी गाड़ी ठीक-ठाक थी। लेकिन जब छुट्टी हुई तो घर जाने के लिए गाड़ी जब निकला तो देखा की गाड़ी से बैट्री निकाल ली गई है।एवं पेट्रोल भी नहीं है। गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01एफ के 1886 है। इस तरह से चोरों के आतंक से ब्लॉक कैंपस के अंदर भी हड़कंप मचा हुआ है।ना जाने अगली बार किसकी मोटरसाइकिल की बारी होगी।

# सीआरपीएफ जवान की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के डालडा फैक्ट्री के पास स्थित शनिवार को सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ 214 बटालियन के जवान का मौत हो गया। जानकारी के अनुसार यह जवान सीआरपीएफ 214 बटालियन के रामभुवन यादव उम्र 43 वर्ष घर इलाहबाद मऊ जो छुट्टी पर अपने घर इलाहाबाद जा रहे थे तभी डालडा फैक्ट्री से कुछ ही दूरी पर विपरीत दिशा से आ रही मिक्सर मशीन के बाहरी भाग से टकराने की वजह से घटनास्थल पर ही जवान की मृत्यु हो गई। तत्काल इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी सूचना के बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी लातेहार सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तपिश में जुड़ गई है सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह का घटना घटी है मृतक जवान अवकाश में अपने घर जा रहा था तभी डालडा फैक्ट्री से कुछ ही दूरी पर विपरीत दिशा से आ रही मिक्सर मशीन के बाहरी भाग से टकराने की वजह से घटनास्थल पर जवान की मौत हो गई टक्कर मारने वाला मिक्सर मशीन गाड़ी का ड्राइवर मौके पर वाहन को छोड़कर फरार हो गया इसके बाद स्थानीय पुलिस ने मृतक जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा दिया है।

# ठोकर में अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, पति-पत्नी समेत चार घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर शनिवार की देर शाम ठोकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने के कारण गिरकर एक ही परिवार के पति-पति समेत चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए ।घायलों में सोनी देवी 35 पति मनीष सिंह,मनीष सिंह 40वर्ष, ऋतिक कुमार 10 वर्ष और प्रेम कुमार 12वर्ष पिता मनीष सिंह सभी ग्राम चतरा निवासी शामिल है। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनीष सिंह अपनी पत्नी और अपने दोनो बच्चों के साथ अपने ससुराल हेरहंज थाना क्षेत्र के चिरू से वापस अपने घर चतरा जा रहा था। इसी दौरान गीद्दी मोड़ के समीप ठोकर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो जाने के कारण गिर पड़ा और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सोनी देवी को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। जहां उक्त महिला की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

# चुनाव को लेकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बालूमाथ पुलिस लगातार वाहन चेकिंग अभियान चला रही है ।जिसके तहत शनिवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मकईयाटांड पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर, एएसआई मो0शमीम समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर जानकारी देते हुए रामजी ठाकुर ने बताया की विशेष रूप से यह जांच की जा रही है कि किसी के द्वारा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से रुपए तो नहीं ले जाया जा रहा है। चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने के उद्देश्य से रुपये ले जाने की आशंका रखती है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।साथ में शराब की भी तस्करी ना हो इसकी भी जांच की जा रही है।

## नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजाया जाएगा : केएन त्रिपाठी

# बरवाडीह में महागठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं ने त्रिपाठी को भारी मतों से जिताने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बाजार स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय परिसर में महागठबंधन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का भारी संख्या में जुटान हुआ। जिसमें मुख्य रूप से महागठबंधन उम्मीदवार केएन त्रिपाठी की उपस्थिति रही। बैठक में गठबंधन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि वर्षो से चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद बाहरी रहे हैं। आज भी भाजपा के उम्मीदवार खतियानी नहीं है। लेकिन आज कांग्रेस और महागठबंधन ने चतरा संसदीय क्षेत्र के खतियानी उम्मीदवार के रूप में केएन त्रिपाठी को खड़ा किया है। जिसका 1932 का खतियान है। कहा कि दो विचार की लड़ाई है। एक तरफ हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजाने आए हैं वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने जात, धर्म के नाम पर सिर्फ नफरत ही फैलाई है। अब क्षेत्र के सम्मानित जनता को जो विचार पसंद हो। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र को दस वर्ष पिछे धकेल दिया गया है। हक अधिकार छीन लिया गया है। पिछले दस वर्षो से क्षेत्र के बेरोजगार लोग पलायन कर रहे हैं। क्षेत्र में रोजगार का कोई साधन नहीं है। पिछले दस वर्षो से सांसद मद की राशि का वारा-न्यारा किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंडल डैम परियोजना का शिलान्यास किया था। जिसके बाद मंडल डैम निर्माण कार्य के लिए सौ करोड़ रुपए निकाल लिए गए हैं। हमारे क्षेत्र को लुटा गया है। कहा कि हमारी जीत होगी तो क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य हमने रखा है। साथ ही किसानों के लिए उनके खेतों की सिंचाई की व्यवस्था करने का हम प्रतिबद्ध होंगे। इस बीच गठबंधन के लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर एकता का परिचय दिया और अह्वान किया कि एक एक बूथ पर हम गठबंधन के कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़े होकर भारी मतों से त्रिपाठी को विजयी बनाएंगे। मौके पर कांग्रेस युवा नेता मुनेश्वर उरांव, यूथकांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, झामुमो नेता शशिभूषण तिवारी, भाकपा माले नेता कमलेश राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, अनिल सिंह शिवानंद तिवारी,पंचायत के मुखिया गण समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बस लूटने की योजना विफल, एक अपराधी को यात्रियों ने दबोचा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर अमझारिया घाटी के समीप शुक्रवार रात्रि करीब 8:30 बजे अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने रांची से डालटनगंज जा रही राजा साहब नामक यात्री बस को लूटने का असफल प्रयास किया। बस के उपचालक ने हथियारबंद लुटेरों को पकड़ने का प्रयास किया, लुटेरों और बस के लोगों के बीच धरपकड़ में दो अपराधी भागने में सफल रहे जबकि एक अपराधी को यात्रियों ने पकड़ कर चंदवा थाना ले आये। और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। लुटेरों और बस के लोगों के बीच हाथापाई में अपराधियों ने पिस्टल के बट से बस के उपचालक के सिर पर वार किया जिसमें उपचालक घायल हो गया है। बस स्टाफ और बस में सवार यात्रियों ने बताया कि जान बचा कर भाग रहे अपराधियों ने बस पर दो से तीन राउंड फायरिंग भी की है। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ, गोली बस के दरवाजे और साइड मिरर में लगी, घाटी में पहले से तैनात अपराधियों ने बस पर पथराव भी किया जिसमें बस का पिछले भाग में लगा सीसा टूट गया है। घटना के संबंध में बस उपचालक ने बताया कि तीन युवक रांची से टिकट लेकर बस में सवार हुए थे। यात्री बस जैसे ही अमझरिया घाटी से नीचे पहुंची तो उनलोगों ने बस रोकने को कहा। बस के रुकते ही अगल बगल से पांच छह लोग और गाड़ी के समीप आ गए। एक अपराधी ने उप चालक के गर्दन के पास हथियार के बट से वार कर घायल कर दिया और बस को अपने कब्जे में करने की कोशिश करने लगे। मौके की नजाकत को समझते हुए बस चालक गाड़ी को लेकर वंहा से भागने लगा। इसी क्रम में एक युवक को यात्रियों ने दबोच लिया और उसे लेकर चंदवा थाना पहुंच गए। बस में सवार लोगों में भय व्याप्त था लोग बिना सुरक्षा के आगे सफर करने को तैयार नहीं थे।इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने कहा है कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

# लोकसभा आम निर्वाचन में प्रतिनियुक्त 68 सेक्टर पदाधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में प्रतिनियुक्त 68 सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आज पुराना डीआरडीए भवन स्थित अभिलाषा कक्ष में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में निर्वाचन में सेक्टर पदाधिकारियों के दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई। सेक्टर पदाधिकारियों को बताया गया कि उनके अधीन सभी मतदान केंद्रों की गहन जानकारी उन्हें होनी चाहिए। सेक्टर पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए। मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सेक्टर पदाधिकारी के कार्यो की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चिता जैसे कार्यो की जानकारी दी गई। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय समय पर रिटर्निंग ऑफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी सेक्टर पदाधिकारियों को दी गई। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, मास्टर ट्रेनर्स समेत अन्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में बीएलटीएफ की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल में बीएलटीएफ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में आगामी 22 अप्रैल एनडीए कार्यक्रम के लिए मॉक ड्रिल के लिए टीम गठित किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का उद्देश्य मिट्टी से फैलने वाले कृमि (एसटीएच) से निपटने के लिए स्कूली बच्चों को कृमि मुक्त करना है। 1 से 19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों स्कूल में नामांकित और गैर-नामांकित एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के नौनिहालों को कृमि मुक्त करना है। ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण संबंधी स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और गुणवत्ता में सुधार हो सके। मौके पर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी, बीआरसी के कर्मी, बाल विकास विभाग के कर्मी सहित बीटीटी सहिया साथी उपस्थित थे।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में ईवीएम और वीवी पैट का पहला रेंडमाइजेशन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला समाहरणालय भवन के एनआईसी में शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कंप्यूटर सिस्टम से ईवीएम और वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन कराया गया। राजनीतिक दलों के पदाधिकारीयों को वीवीपैट मशीनों की विधानसभावार सूची उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान करने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने इस दौरान प्रथम रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान वरीय प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम कोषांग, नोडल पदाधिकारी ईवीएम, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 24 मांडू, 25 हजारीबाग, 20 बरकट्ठा एवं 21 बरही। राजनीतिक दलों से बहुजन समाजवादी पार्टी से शीना देवी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से विजय सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मा) से गणेश कुमार सीटू,राष्ट्रीय जनता दल से प्रदीप कुमार मेहता, आजसू पार्टी से आनंद सिंह और आम आदमी पार्टी से देव चौहान मौजूद थे।




## शानदार रहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव का मैट्रिक परीक्षाफल



**हजारीबाग :** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोर्रा में समान समारोह का आयोजन किया गया। मैट्रिक परीक्षा के रिजल्ट के बाद यह आयोजन किया गया।इस विद्यालय के कुल 83 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था जिसमें प्रथम श्रेणी 71 एवं द्वितीय श्रेणी से 12 छात्र सफल हुए। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव बी के सिंह एवं सहसचिव अनूप भाई एवं प्रबंधन समिति के सदस्य महेंद्र राम को भी सम्मानित किया गया। संबोधित करते हुए सहसचिव अनूप भाई ने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका को आने वाले वर्ष में विद्यालय टॉप 10 के श्रेणी में रिजल्ट आए इसके लिए आपको अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृति, सभ्यता और संस्कार का भी पाठ पढ़ाया जाता है। प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में सुदृढ़ प्रबंध समिति है जिससे विद्यालय में आने वाली समस्याओ का निवारण तुरंत कर दिया जाता है जिससे हम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को हमेशा सहयोग मिलता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में विद्यालय से इससे भी अच्छा रिजल्ट होगा।कार्यक्रम में मुकेश कुमार सिन्हा, आनन्द किशोर प्रजापति, सचिन कुमार पाण्डेय, पिंटू कुमार राय, श्रीमती अल्पना सिन्हा, सुश्री निखत प्रवीण, सुश्री बेबी कुमारी एवं राहुल कुमार पाण्डेय समेत कई अन्य उपस्थित थें।

## कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार का रहा शानदार रिजल्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार के विद्यार्थियों ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के निर्देशक रामदेव यादव ने बतलाया कि दसवीं की परीक्षा में कुल 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, इससे साफ पता चलता है कि कॉस्मिस स्कूल में बेहतरीन तरीके से अनुभवी शिक्षको के द्वारा शिक्षा दी जाती है, जिसमें रोहित यादव 87 अंक लाकर स्कूल टॉपर बना, वहीं दूसरे स्थान पर दीपक साव 83.4 त्नअंक प्राप्त किए, वहीं मासूम अंसारी 81.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया। कॉस्मिक पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राकेश राणा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी, साथ ही साथ उज्जवल भविष्य की कमाना किया। वही उन्होंने कहा की हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

## दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट में आज से क्लासेज होगी प्रारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में फर्स्ट ईयर आर्ट्स,कॉमर्स व साइंस की क्लासेज 9 बजे से 12 बजे तक चलेगी। सभी विषयों को क्रमबद्ध तरीके से सब्जेक्ट वाइज अनुभवी शिक्षको द्वारा क्लासेज दी जाएगी। यह क्लासेज 21 अप्रैल से प्रारंभ होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि 10वीं के बाद विद्यार्थी के पास समान्यता तीन विकल्प होते है आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस। जिसमें विद्यार्थियों को सब्जेक्ट चुनने में भी परेशानी होती है।

## स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम ने किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बरही :** 20 अप्रैल 2024 को स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम चौपारण पहुँची। चौपारण के कठम्बा गाँव का टीम ने दौरा किया। यह यात्रा दिल्ली से शुरू हुई है। तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं, विचारधारा, चुनाव अभियान, जमीनी चुनावी प्रक्रिया, आम चुनाव के अनुभव, भारत के गाँवो की हालत को स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम सूक्ष्मता से अध्ययन कर रही है। यह टीम दिल्ली से निकलकर अमेठी, सैफई जाकर भी जमीनी सच्चाई से रूबरू हुई। इसी क्रम में स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स की टीम संजय मेहता के नेतृत्व में चौपारण पहुंची।टीम के लोगों ने हज़ारीबाग़ में 20 अप्रैल को चौपारण के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर आमलोगों के जीवन स्तर और चुनाव के लिए उनकी सोच को समझने का प्रयास किया।



**संजय मेहता ने लिया तीन घंटे का सत्र, समझाया झारखंड के मुद्दे**

इस दौरान संजय मेहता ने तीन घंटे तक शोधार्थी छात्रों का सत्र लिया। उन्हें झारखंड के मुद्दे और राजनीति के संदर्भ में जानकारी दी। झारखंड के असल मुद्दे और जमीनी सच्चाई से उन्हें अवगत कराया। शोधार्थी छात्रों ने हज़ारीबाग लोकसभा में संजय मेहता के चुनावी अभियान एवं उनके राजनीतिक सफर, झारखण्डी विचारधारा को नजदीक से समझा। इस अभियान के दौरान लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता ने युवा वस्था में कैसे अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। किन मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं। कैसे जनता के बीच जा रहे हैं इन पहलुओं पर भी टीम के लोगों ने नजदीक से जाना और समझा। इस अभियान में स्कूल ऑफ पॉलटिक्स के निदेशक अभिमन्यु भारती, ऑस्ट्रेलिया से एवं लखवीर सिंह, सुरभि सुर्वे, अर्चना सुर्वे, संजय कुंडू, पुष्पराज सिंह, युवराज चतुर्वेदी, गणेश सिंह, जगनीत सिंह, तीर्थ मेहता, बट्टी उदय, रमाकांत, एम. दुर्गा प्रसाद, सौरभ, कन्हैया झा, मोहित मिजो, डॉ हरसल वैद्य, कुशाग्र अग्रवाल, गौरव, संजय हनुमंझ देश के अलग अलग राज्यों उपस्थित रहे।

## रामनवमी के सफल आयोजन पर जिला व पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र : निसार खान



**हजारीबाग :** जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य निसार खान ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद हजारीबाग की ऐतिहासिक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए उन्हे बधाई दी है।श्री खान ने एक बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग की अंतरराष्ट्रीय रामनवमी के सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति के द्वारा विशेष तैयारी की गई थी वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । इधर समाजिक संगठनो के कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखी गई तो उधर जिला शांति समिति के सदस्यों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है । सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है वह काबिल ए तारीफ है । उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते है ।

## हजारीबाग से देवलाल कुमार राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का संयोजक बने



**चरही ।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के झारखंड प्रदेश में हजारीबाग के देवलाल कुमार को संगठन का संयोजक बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खगड़े के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा के नेतृत्व में बनाया गया है। झारखंड के प्रदेश के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की संयोजकों की सूची जारी किया है। जिसमें हजारीबाग से देवलाल कुमार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश संयोजक बनाया गया है। जिसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष आरजीपीआरएस मीनाक्षी नटराजन, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी राजेश ठाकुर को भेज दिया गया है। इसके प्रदेश संयोजक बनने पर उनके संगठन के साथ सभी पदाधिकारी और कांग्रेसियों के बीच खुशी की लहर देखी गई है। कांग्रेस के सभी अधिकारियों व सदस्य ने बधाई दी है।

## चैत्र रामनवमी स्वागत समिति द्वारा पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का किया गया स्वागत

**हजारीबाग :** श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति द्वारा दशमी की रात से एकादशी तक राम भक्तों सहित सभी अखाड़ा धारीयो का स्वागत परंपरागत ढंग से पुष्प वर्षा कर किया गया।दशमी की शाम 7 बजे मंच का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के साथ हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने किया स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने महंत जी को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर स्वागत किया, महंत जी ने टोनी जैन के सर पर साफा बांधकर आशीर्वाद दिया।मौके पर महंत विजयानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वागत समिति पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम भक्तों का स्वागत जोरदार करेगी। हमारा पूरा विश्वास है की समिति के जितने नए सदस्य हैं सभी सहयोग करेंगे, एकादशी की सुबह राम भक्तों के बीच विशेष कर महिला और बच्चों को बिस्किट का पैकेट दिया गया। हजारीबाग के विधायक एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल,आरएसएस जिला प्रमुख श्रद्धानंद सिंह अपने सहयोगी के साथ मंच पर पधारे। स्वागत समिति अध्यक्ष टोनी जैन ने विधायक एवं आरएसएस प्रमुख श्रद्धानंद सिंह को तलवार एवं अंग वस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया।

# आईजी व डीआईजी और उपायुक्त के दिशा निर्देशों के कारण शांतिपूर्ण संपन्न हुई रामनवमी : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले में रामनवमी 2024 के शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर आईजी डॉ माइकल राज ने हजारीबाग की समस्त जनता को धन्यवाद दिया,उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के बेहतर कॉर्डिनेशन को सफलता का मूल मंत्र बताया। मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को धन्यवाद दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है,सभी को दिल से आभार। पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, अन्य जिलों से आए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों, विद्युत विभाग, नगर निगम एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओ को आमजन तक पहुंचाया। वहीं पुलिस कप्तान ने भी ऐतिहासिक रामनवमी के सफल आयोजन पर कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग,अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी,पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार।उन्होंने शांति समिति, शांति मित्र,अखड़ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति,महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से हीं यह सम्भव हो पाया है।इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और मीडिया का सहयोग मिलता रहेगा।



## खतियानी परिवार ने बैठक कर शांति पूर्ण रामनवमी संपन्न होने पर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** खतियानी परिवार की एक बैठक हजारीबाग धरनास्थल के पास अनवर हुसैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परिवार की ओर से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी सम्पन्न होने पर समस्त अखाडा धारियों को बधाई दी गई,कहा गया की थोडी बहुत कमियों को नज़रअंदाज करते हुए प्रशासन का पूरा अमला भी साधुवाद का पात्र है। बैठक में यह मांग की गई कि जुलुस में समय सीमा और रूट के निर्धारण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में आगामी चुनावी सरगर्मी पर भी आकलन किया गया,साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चर्चा हुई। बैठक में सईद अहमद,महेश विश्वकर्मा,मो तनवीर,बोधी साव, व अन्य साथी उपस्थित थे!

## दी आर्या भट्ट इंस्टीट्यूट के दसवीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उतीर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :**प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग रोड स्तिथ दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के दसवीं के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा हैं। किरण कुमारी 412 नम्बर ला कर बनी संस्थान टॉपर, वहीँ रागनी प्रिया 389 तरानुम 386 ज़ैनब 372 अनूपा कुमारी 371 नाज़िया परवीन 369 ट्विंकल 353 स्वेता कुमारी 350 रिया कुमारी 339 रानी 330 नुसरत परवीन 328 तनीषा 324 भारती कुमारी 321 परवीन कुमार 321 अनामिका 315 प्रियांशु 309 मुस्कान 308 अंजली 300 अनिशा ,रूपा, रिया,खुसबू, अमीषा, सपना ,प्रीति, वर्षा ने प्रथम श्रेणी स्थान प्राप्त कर के संस्थान का नाम रौशन किया। संस्थान के सभी शिक्षको ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए।

## बड़वार में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 1008 रुद्र महायज्ञ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु।** 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने तीन किमी की दूरी तय कर कलश में जल उठाया जय श्री राम व हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार गावँ में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है।इस यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को वैदिक कर्मकांड के अनुसार भव्य कलश यात्र निकाली गई। इस कलश यात्रा में 581 कुमारी कन्याओं व महिलाओं ने कलश उठाकर मंदिर प्रांगण से गाजे -बाजे व हर हर महादेव व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए 3किमी दूर उतर वाहिनी कोनार नदी पहुंचे।जहां यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा व उनके सहयोगियों के द्वारा मुख्य पुजारी नरेश राम व उनकी धर्मपत्नी रीता देवी व अन्य पुजारी मनोज राम उनकी पूनम देवी, जितेंद्र यादव उनकी पत्नी रीता



, लक्ष्मण यादव धर्मपत्नी कमली देवी, कुलेश्वर यादव धर्मपत्नी तेतरी देवी,संजय यादव धर्मपत्नी विभा देवी,दिलीप राम धर्मपत्नी पार्वती देवी,विनोद यादव धर्मपत्नी ममता देवी व विनोद राम धर्मपत्नी मीणा देवी से परे वैदिक कर्मकांड के साथ पूजा अर्चना कर व वरुण देव का आह्वान कर जल उठवाया। जहां से कलश यात्री अपने कलश में जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कलश को स्थापित किया।समिति की ओर से सभी कलश यात्रीयों को चना गुड़ व शर्बत से व्रत को तोड़वाया गया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष रामशरण राम ,सचिव- सुखदेव राम ,कोषाध्यक्ष -धानेश्वर राम ,समिति के सदस्य विकाश कुमार, संतोष यादव, सचिन राम , नरेश यादव , मनोज राम, सीता राम, कमेवश्वर राम, सुधेश्वर सिंह, अर्जुन राम , सूरज राम, इंद्रनाथ यादव, अशोक यादव, अजित यादव, राजकुमार यादव , नरेश यादव , नरेश पासवान, महावीर कुमार यादव, सचिन राम, दिलीप राम, विजय राम, अजय यादव, गुलाब यादव, निरंजन यादव, पिंटू यादव, रणवीर यादव, सुनील यादव, संदीप यादव,सुरेंद्र यादव,सुरेश यादव, परमेश्वर महतो, लखन यादव, हीरालाल यादव, शंकर यादव, सहदेव यादव,बीरेंद्र यादव, एंव समस्त बड़वार ग्रामीण तन मन से जुड़े हुए है।

## अब नहीं चलेगा वोट हमारा और राज तुम्हारा : बाबर कुरैशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के द्वारा झारखण्ड से 14 लोकसभा में किसी भी मुसलमान को टिकट नहीं दिए जाने पर बाबर कुरैशी ने नारजगी जाहिर की है।उन्होंने कहा है कि इस मामले को मैं मुखर होकर उठाता रहा हूं। हमारी अपील पर पूरे झारखंड के मुसलमान जागरूकता का परिचय देते हुए अपने सम्मान और कौम के बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के विरोध में लोग गोलबंद होना शुरू हो चुके हैं।इसके लिए पूरे झारखंड के मुसलमान को तहे दिल से शुक्रिया और धन्यवाद देते हुए बाबर कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मुसलमान विरोधी रही है 70 वर्षों से मुसलमान को ठगने का कार्य करती रही इनका चेहरा अब बेनकाब हो गया है।कांग्रेस पार्टी हमेशा भाजपा का भय दिखाकर मुसलमान का वोट लेती रही है।इंडिया गठबंधन के विरोध में पूरा मुसलमान तीसरे विकल्प के रूप में



किसी पार्टी की तलाश कर रहे हैं अगर विकल्प के रूप में झारखंड में कोई तीसरी पार्टी नहीं आती है तो ऐसी स्थिति में मुसलमानों के कई संगठनों ने खुले तौर पर ऐलान कर दिया है जरूरत पड़ने पर लोकसभा चुनाव में नोटा का भी इस्तेमाल किया जा सकता है जो पूर्ण से स्वागत योग्य है।कहा कि हजारीबाग में जिस प्रकार से मांडू भाजपा विधायक जे पी पटेल को यहां से चुनाव लडाया जा रहा है, हजारीबाग लोकसभा के मुसलमान असमंजस की स्थिति में है और निश्चित तौर पर यहां पर कांग्रेस पार्टी की स्थिति काफी दयनीय रहेगी जिसके लिए कांग्रेस पार्टी का प्रदेश नेतृत्व पूरी तरह से जिम्मेवार होगा।

# मैट्रिक परीक्षा में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सुल्तान की बेटियों ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सुल्ताना से 2024 की मैट्रिक परीक्षा में बेटियों ने परचम लहराया है। कुल 37 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 31 छात्र-छात्राओं ने प्रथम उत्तीर्ण होकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है। उत्कृष्ट अंक से उत्तीर्ण होने वालों में बेटियों का नाम शामिल है। विद्यालय के टॉप 10 विद्यार्थियों में सर्वाधिक अनीफा जन्नत 431अंक प्राप्त कर प्रथम, दुलारचंद कुमार 425 अंक से द्वितीय व सादिया 417 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। जबकि जिया फिरदौस को 397, सानिया परवीन को 396, सुम्बुल जबीं को 395, सूफिया असरफ को 376, नेहा परवीन को 373, मन्तशा परवीन को 370 व संजीदा परवीन को 369 अंक प्राप्त हुआ। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद इसराफिल, सचिव पप्पू पांडेय, सहयोगी शिक्षक व शिक्षिका सोहेल अख्तर, शोएब अहमद, यमराज कुमार, शाउदा खातून, सबा परवीन, सबनम परवीन सहित अन्य शिक्षकों ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी है।

# हथियार एवं जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधकर्मी गिरफ्तार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातु (भुरकुण्डा) थाना क्षेत्र सयाल निवासी कुछ अपराधकर्मी मोटरसाईकिल सवार होकर हथियार से लैश उरीमारी में किसी घटना को कारित करने के लिए जाने वाले है और घटना कारित कर पुनः सयाल वापस आने वाले हैं। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, पतरातू अंचल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सयाल उरीमारी चेक पोस्ट के पास एण्टी क्राईम चेकिंग लगाया गया। उरीमारी तरफ से सयाल की ओर आ रही एक हरा रंग का Yamaha मोटरसाईकिल JH24रु-0461 सवार दोनों व्यक्ति पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल से भागने लगे। पुलिस बल के द्वारा उक्त मोटरसाईकिल JH24रु-0461 सवार दोनों व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस बल के द्वारा पकड़ाये दोनों व्यक्ति का नाम पता पूछताछ करने पर 01. राकेश कुमार उर्फ राजु उम्र 20 वर्ष, पिता स्व0 मनमोहन सिंह, ग्राम सयाल पिपला सेन्टर, स्थाई पता-ग्राम बडकी हथोडी, थाना गढ़वाल, जिला बलियाई, (उत्तर प्रदेश) 02. प्रेम कुमार राम उम्र- 19 वर्ष, पिता-स्व0 बबलु राम, ग्राम-सयाल शिवाजी रोड़ दोनों थाना-पतरातु (भुरकुण्डा), जिला-रामगढ़ स्थायी पता-ग्राम-कांके चौक सरना स्थल, थाना-कांके, जिला-राँची बताया। उक्त दोनों पकड़ाये व्यक्ति का तालाशी लिया गया तो उनके पास से हथियार एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि वे हथियार से लैश होकर उरीमारी में लूट-पाट की घटना कर वापस लौट रहे थे। उक्त पकड़ाये दोनों व्यक्ति को अवैध रूप से बिना लाईसेंस के हथियार एवं जिंदा कारतूस रखने के आरोप मे विधिवत् गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त के विरूद्ध पतरातु (भुरकुण्डा) थाना काण्ड संख्या-106/24, दिनांक-20.04.2024, धारा-25(1-b)a/26/35 आर्म्स अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया। गिरफ्तार उक्त दोनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मी में योगेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, पतरातु अंचल, अभिषेक कुमार, ओ0पी0 प्रभारी भुरकुण्डा ओपी0, कुनाल कुमार, पु0अ0नि0, भुरकुण्डा ओ0पी0, भुरकुण्डा ओ0पी0 रिजर्व गार्ड के आरक्षी, आ0/543-दिलीप कच्छप, आ0/605-निरोज उराँव, आ0/28-मिथलेश कुमार तिवारी, आ0/130 फांसीस सोय, आ0/452-देवनाथ राणा आदि शामिल थे।

# हजारीबाग ने कोडरमा को 3 विकेट से हराया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 2. सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में हजारीबाग ड्बह्य कोडरमा के बीच खेला गया कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 45.2 ओवर मे 136/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें पीयूष कुमार सिंह 70 रन बनाये। हजारीबाग की ओर से गेंदबाज जीवन कुमार पटेल 9.2 ओवर में 39/3 विकेट सुरेंद्र गुप्ता 6 ओवर 12/2 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी हजारीबाग ने 35.3 ओवर में 137/7 विकेट के नुकसान पर बना कर आज का मैच जीता कोडरमा की ओर से गेंदबाज पीयूष कुमार सिंह को 10 ओवर 42/3 विकेट मिल, हजारीबाग 3 विकेट से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर द्वस्त्र उज़ैर तथा अजमल हुसैन थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी पंकज कुमार हजारीबाग को भेंट किया.

## रामगढ़ महाविद्यालय में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के सेमिनार हॉल में शनिवार को रामगढ़ जिला प्रशासन के स्वीप के तहत महाविद्यालय के आई क्यू एस सी के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिला प्रशासन रामगढ़ के पी पी आई ए फेलो भावेश पुरोहित और अभिषेक कुमार ने वीडियो क्लिप के द्वारा मतदान के महत्व को बताया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपने अपने व्याख्यान द्वारा शिक्षार्थियों को मतदान के अधिकार और उसके महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं को स्वयं मतदान करने और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने किया और संचालन उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने किया। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रीति कमल, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ रोज़ उरांव, डॉ कामना राय और खोरठा के विभागाध्यक्ष डॉ बीरबल महतो ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। एक अच्छे सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति और समृद्धि आती है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बढ़े। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का सही उपयोग करें। इस अवसर पर नंदनी साव, रौशन कुमार, सूर्यांश कुमार, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, लवली कुमारी, अमर कुमार, अमन करमाली आदि छात्र छात्राओं ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के ट्रिक बताया।

## धार्मिक कार्यक्रमों में राजनीतिक तड़का लगाना दुर्भाग्यपूर्ण, दोषियों को चिन्हित कर कार्यवाही करे प्रशासन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले दिनों रामनवमी में अवसर पर बरकाकाना में आयोजित धार्मिक मंच पर राजनीतिक होना दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।उक्त बातें विज्ञप्ति के माध्यम से श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा। उन्होंने कहा की में शनिवार को खुद अपने महासमिति के पदाधिकारियों के साथ रामनवमी पूजा घुटवा ओपी प्रभारी से मुलाकात कर पूरे घटना का निष्पक्ष जांच करने की मांग किया है साथ ही महासमिति जल्द जिले के पुलिस अधीक्षक से मिल कर मामले की गहनता से जाँच की मांग भी करेगी ताकि आगे से कभी भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों में मतभेद पैदा न हों। उन्होंने कहा की महासमिति में शामिल हर पदाधिकारी किसी न किसी राजनीतिक दल से संबंध रखते है लेकिन उनका आस्था प्रभु राम में होना हीं महासमिति के लिए महत्वपूर्ण रखता है। अंत में उन्होंने कहा की महासमिति अभी किसी भी तरह का दोषारोपण करने वाला बयान न देकर प्रशासन के अनुसंधान रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और उसके बाद जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसको कड़ी कानूनी सजा दिलवाने की महासमिति मांग करेगी चाहे वो किसी भी राजनीतिक पार्टी का नेता क्यों न हो,ताकि भविष्य में रामगढ़ जिले में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में कोई राजनीतिक रोटी न सेंक सके और तब तक महासमिति सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह करती है।

## सांसद जयंत सिन्हा के जन्मदिन पर 70 किमी सड़क मरम्मती कार्य का कार्यादेश जारी : महेंद्र महतो



**पतरात(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संसद जयंत सिन्हा के जन्म दिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पिछले कई महीनो से पतरातू प्रखंड के विकास के लिए कई योजनाएं का निविदा जारी हुआ था जिसमे कई अड़चन आ रहे थे। लेकिन सांसद जयंत सिन्हा के निदेंश पर सारी अड़चनें दूर किया गया तथा ग्रामीण कार्य विभाग रामगढ़ द्वारा संसद जयंत सिन्हा के जन्म दिन पर पतरातू प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों की मरमती करने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग रामगढ़ ने मेसर्स क्लासिक इंजीकम एवं अन्य कम्पनी के साथ लगभग 45 करोड रुपए की लागत से 70 किलोमीटर सड़कों के मरमती करने के लिए एकरारनामा और कार्यादेश जारी किया है। जिसमें सबसे सबसे लंबी सड़क तालाटॉड से हरिहरपुर-बिचा-सुथारपुर तक 15 किलोमीटर लागत 10 करोड़ रूपया 2.कुशियारा-किन्नी-जराद आरासाह लेम तक 8 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 3.पंचायत हफुवा में 4 किलोमीटर सड़क के अलावे कई सड़कें है।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू के तमाम शिक्षकों के सहयोग से और छात्र-छात्राओं के कड़ी मेहनत से 186 बच्चे इस बार के मैट्रिक परीक्षा 2024 में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम 62 द्वितीय 86 और तृतीय 19 हुए लगभग 90 त्न उतीर्णता हासिल किए । कुल मिलाकर 186 में 167 बच्चे सफल हुए, बच्चे सहित बच्चो के अभिभावक गणों को भी विद्यालय परिवार की और से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं सहित बच्चो की उज्वल भविष्य की कामना करती है। प्रभारी प्रधान शिक्षक श्री जितेंद्र कुमार महतो ने सभी बच्चो सहित शिक्षक, शिक्षिका और अभिभावक गणों को आभार जताया है तथा सभी बच्चो बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए ।बच्चो के प्रति सभी लोग मिलकर और कड़ी मेहनत करे ताकि 100 त्नमें 100त्न बच्चे हमारे सफल हो। भागवत तिवारी , बरूण लाल, दीप्ति रानी ,राजेश सेनापति , रुपनाथ महतो , आदित्य कुमार , स्त्रह्न राधे श्याम साहू ,मुकेश यादव टेरेसा पुस्पिका टोप्पो , सिल्विना लकड़ा , आनंद कुमार मिश्र , सरस्वती नायक रीता करमाली, रीता बाला , बिनोद कुमार , उषरंजन कुमार , प्रक्षिला कच्छप , लालमोहन वेदियां, सुधीर चौधरी,मनोज कुमार ।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यो, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन हेतु बैंक प्रतिनिधियों/सीएसआर समिति के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के सफल तथा स्वच्छ आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की वही इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों से लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता सहित अन्य विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर 20 मई 2024 यानी मतदान की तिथि के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक सुनिश्चित कराने को लेकर व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने सीएसआर समिति की बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों/ प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय तथा लगातार संपर्क में रहकर आवश्यकता अनुसार संबंधित अधिकारियों को सहयोग देने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता व नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण विषयों, मतदाता जागरूकता आदि को लेकर आवश्यक जानकारियां सभी को दी गई। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्तज़ जिला स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# जमशेदपुर ने रामगढ़ को 42 रन से हराया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में जमशेदपुर व रामगढ़ के बीच खेला गया जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 27.5 ओवर मे 188/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें कुंज बिहारी सिंह 45 रन एवं विघनेश कुमार 42 रन शिवम कुमार 34 रन बनाये। रामगढ़ की ओर से गेंदबाज देवेश गोयल 4.5 ओवर में 30/3 विकेट एवं सचिन कुमार सिंह 5 ओवर में 31/3,हर्षित कुमार महतो5 ओवर मे 41/3 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ़ ने 24.4 ओवर में 146/10 बनाकर ऑल आउट हो गया, मुख्य बल्लेबाज संयम शर्मा 43 रन एवं देवेश गोयल 32 रन,शुभम 27 रन, का योगदान दिया। जमशेदपुर की ओर से शिवम कुमार मुखी 7.4 ओवर मै 42/5 विकेट लिया, एवं हिमांशु भारद्वाज 7ओवर मे 43/3 विकेट मिला, जमशेदपुर42 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी शिवम कुमार मुखी को भेंट किया।

# कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय रुद्रा महायज्ञ हुआ प्रारंभ



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भुरकुंडा कोयलांचल के बीटीटीआई, रीवर साइड में पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को भव्य कलशयात्रा के साथ आरंभ हुआ। यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे और भगवा ध्वजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष से क्षेत्र गूंजायमान रहा। कलशयात्रा शिव नगर, दुंदवा, बुधबाजार, झा मेडिकल होते हुए गिद्दी मोड़ के रास्ते राम जानकी मंदिर के निकट दामोदर नदी तट पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल उठाया गया। यहां कलशयात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंची। अवसर पर बरका सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, निशि पांडेय, रमा शंकर दुबे, मनोज राम, अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, उप सचिव कुणाल सिंह, उप कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी माता देवी रीता देवी पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चोरी के एल्युमिनियम वायर के साथ दो लोग गिरफ्तार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ0 बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ जिला अंतर्गत माण्डू (वे0बो0) से विद्युत का एल्मुनियम तार चोरी कर अज्ञात चोर माण्डू (कुज्जू) के तरफ जा रहे है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा माण्डू (कुज्जू) प्रभारी पु0अ0नि0 दिगम्बर पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए माण्डू (कुज्जू) थाना क्षेत्र में सत्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। नया मोड़ मुख्य सड़क के पास एक टैम्पू सवारी गाड़ी खड़ी थी जो पुलिस बल को देखते हीं तेजी से भागने लगे। गठित टीम के द्वारा टैम्पू को रोका गया। टैम्पू गाड़ी सं0 छ्वा-24 ष्ट-4145 पर प्लास्टिक के बोरा में कुछ सामान पैक किया लदा हुआ था। गठित टीम के द्वारा टैम्पु गाड़ी सं0 छ्वा-24 ष्ट-4145 पर लदा हुआ सामान का जाँच करने पर छः बोरा में एल्मुनियम का विद्युत तार पैक किया हुआ पाया गया। टैम्पु में बैठे व्यक्ति का नाम-पता पुछने पर अपना नाम मो0 फिरोज उर्फ शेख फिरोज खान उम्र करीब 40 वर्ष पे0 मो0 सहादत, सा0 गोलपार, थाना जिला-रामगढ़ एवं टैम्पु चालक ने अपना नाम रोहित कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पे0 गुड्डु राम, सा0 सांडी भरेचनगर थाना-माण्डू (कुज्जू) जिला रामगढ़ बताया। गठित टीम के द्वारा टैम्पु में लोड विद्युत तार के बारे में वैद्य कागजात का मांग करने पर टैम्पु में बैठे व्यक्ति मो0 फिरोज एवं चालक रोहित कुमार के द्वारा कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया एवं उनसे विद्युत तार के संबध मे पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बोरा में पैक विद्युत का एल्मुनियम तार चोरी का है जिसे वे घाटो से चुरा कर ला रहे हैं। चोरी के सामान के साथ पकड़ा जाना एवं चोरी का सामान को एक जगह से दूसरे जगह परिवहन करने के आरोप में उक्त दोनों व्यक्ति को विधिवत् गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त के विरूद्ध माण्डू (कुज्जू) थाना काण्ड सं0-100/2024, दिनांक-19.04.2024, धारा-379/411 भा0द0वि0 अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया। गिरफ्तार उक्त दोनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस छापामारी टीम में मुख्य रूप से पु0अ0नि0 दिगम्बर पाण्डेय, ओ0पी0 प्रभारी कुज्जू, गृ0र0 158 अयोध्या प्रसाद मेहता , गृ0र0 8504 राम चरित्र राय ओ0पी0, सशस्त्र बल कुज्जू ओ0पी0 के एक मौजूद थे।

# डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल का मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सत्र 2023 - 24 के मैट्रिक का रिजल्ट झारखंड बोर्ड के द्वारा प्रकाशित किया गया जिसमें डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के 73 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 70 बच्चे फर्स्ट डिवीजन , 02 बच्चे सेकंड डिवीजन और 01 बच्चे ने मार्जिनल स्थान प्राप्त किया ।स्कूल 1st टॉपर अलका कुमारी 94.2त्न मार्क्स लेकर टोटल 471 , स्कूल के सेकंड टॉपर अंकिश कुमार तिवारी 93त्न टोटल 465 , स्कूल की 3ह्म्स्र टॉपर अंजलि पटेल 82.2% टोटल 411 , स्कूल के 4th टॉपर मुस्कान कुमारी और राखी शर्मा 81.6त्न टोटल 408 और स्कूल के 5th टॉपर रंजन राय 80.6% मार्क्स लेकर टोटल 403 मार्च प्राप्त किया , वहीं अलका कुमारी ने हिंदी में 92 इंग्लिश में 93 गणित में 95 साइंस में 96 संस्कृत में 95 सर्वोच्च मार्क्स प्राप्त किया और सामाजिक विज्ञान में सर्वाधिक मार्च अंकिश कुमार तिवारी ने 93 प्राप्त किया।डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के स्कूल शानदार प्रदर्शन के लिए सभी टीचर्स और बच्चों को बहुत-बहुत बधाई और इसी उम्मीद के साथ शुभकामनाएं है कि आप आगे भी इसी तरह से अपनी मेहनत और लगन से स्कूल को और ऊंचाइयां प्राप्त करायेगें सभी बच्चों और सभी टीचर्स और डिवाइन ओंकार मिशन के हर एक मेंबर्स को बहुत-बहुत बधाई।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत झारखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकार सतवा तल्ला राँची नगर निगम बिल्डींग, राँची JHARERA COMPLAIN CASE NO. 59/21

अतुल कुमार....वादी मेसर्स सृजन बिल्डकॉन वगैरह... बनाम

**नोटिस बनाम विपक्षी प्रतिवादीगण**

**1.** श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।

**2.** श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4

**3.** श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू

**4.** श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6

**5.** श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0- 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू, प्रतिवादी सं0 4, 5, 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

**6.** श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

**7.** श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना-अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 59/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

**अत:** आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक -29.04.2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे। यह नोटिस आज किया गया। दिनांक-08-04-2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत झारखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकार सतवा तल्ला राँची नगर निगम बिल्डींग, राँची JHARERA COMPLAIN CASE NO. 51/21

पवन कुमार मंडल वादी... मेसर्स सृजन बिल्डकॉन वगैरह...बनाम

**नोटिस बनाम विपक्षी प्रतिवादीगण**

**1.** श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0- 3 पति- स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान - 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना- अरगोड़ा राँची, झारखण्ड ।

**2.** श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4

**3.** श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू

**4.** श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6

**5.** श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू प्रतिवादी, सं0- 4. 5. 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला राँची, झारखण्ड।

**6.** श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0- 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड ।

**7.** श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना-अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 51/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

**अत:** आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक-29.04.2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे। यह नोटिस आज दिनांक- 08.04.2024 को मरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत झारखंड भू सम्पदा नियामक प्राधिकार सतवा तल्ला राँची नगर निगम बिल्डींग, राँची JHARERA COMPLAIN CASE NO. 50/21

राजेश राय वादी...मेसर्स सृजन बिल्डकॉन वगैरह.... बनाम

**नोटिस बनाम विपक्षी प्रतिवादीगण**

**1.** श्रीमती पार्वती देवी प्रतिवादी सं0 3 पति स्व0 लक्ष्मी शंकर उपाध्याय, निवास स्थान 07, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, थाना अरगोड़ा राँची, झारखण्ड।

**2.** श्री छतरधारी साहू प्रतिवादी सं0- 4

**3.** श्री शिव शंकर साहू प्रतिवादी सं0- 5 दोनो के पिता स्व0 इन्द्रनारायण साहू

**4.** श्री भरत साहू प्रतिवादी सं0- 6

**5.** श्री चितरंजन साहू प्रतिवादी सं0 7 दोनो के पिता स्व0 चन्द्रभुषण साहू प्रतिवादी, सं0- 4, 5, 6 और 7 का निवास स्थान गाँव अरगोड़ा, थाना अरगोड़ा, जिला राँची, झारखण्ड।

**6.** श्रीमती मनोरमा जायसवाल प्रतिवादी सं0- 8 पति श्री राजामनी जायसवाल, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

**7.** श्री युधिष्ठीर प्रसाद @ युधिष्ठीर प्रसाद साहू प्रतिवादी सं0- 9 पिता तारा प्रसाद साहू, थाना- अरगोड़ा, जिला- राँची, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद Jharera Complain Case No. 50/21 दायर किया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है एवं मेरे न्यायालय द्वारा पूर्व में आपको गोसवारा एवं निबंधित नोटिस निर्गत करने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है।

**अत:** आपको निर्देष दिया जाता है कि आप दिनांक 29.04.2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन मेरे न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी इसे सख्त ताकिद समझे। यह नोटिस आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

## लिलौरी मंदिर में बाल विवाह रोकने को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कतरास लिलौरी मंदिर में आए दिन बड़ी संख्या में विवाह शादी संपन्न कराया जाता है। शनिवार को बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा मन्दिर के पुजारियो के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलायी गयी। मन्दिर के चारो तरफ इस मंदिर में बाल विवाह नहीं होती है का पोस्टर लगाया गया। मंदिर के पुजारियों ने कहा कि इस मंदिर में 18 वर्ष से कम उम्र की कन्या एवं 21 वर्ष के कम उम्र के लड़के की शादी नही की जाती है। उल्लेखनीय है कि झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए सघनजागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर मंदिर पुजारी अभिजीत बनर्जी, रिंटू बनर्जी, विश्वजीत बनर्जी, काजल प्रमाणिक, आनंद प्रमाणिक एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर दीपा रवानी, योगेश्वर रवानी उपस्थित थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में महात्मा हंसराज जयंती समारोह का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में महात्मा हंसराज जयंती समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या महुआ ने महात्मा हंसराज के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया तथा पुष्पांजलि देकर अपनी गहरी श्रद्धा भाव व्यक्त की। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन कर राष्ट्र उत्थान की कामना भी की गई। प्रातः कालीन विशेष सभा को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या ने उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा हंसराज जी जैसे महान् तपस्वी, आदर्श शिक्षक और तपोनिष्ठता के तप का फल है कि देश और विदेश में डीएवी विद्यालय और महाविद्यालय गुणवतापरक शिक्षा प्रदान कर रहें हैं।शिक्षा को गति प्रदान करने के लिए महात्मा हंसराज का योगदान अविस्मरणीय है। मौके पर सीसीए इंचार्ज मौसुमी बनर्जी तथा श्रद्धानंद के हाउस मास्टर सुनील कुमार शर्मा एवं विरजानंद हाउस से स्वाति तिवारी भी उपास्थित रहे।

### सांसद अन्नपूर्णा देवी ने आजसू के केंद्रीय महासचिव से किया मुलाकात

## पूरे देश मे एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी : अन्नपूर्णा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी शनिवार को चुनावी अभियान कार्यक्रम के तहत सरिया पहुँची इस दौरान उन्होंने आजसू के केंद्रीय महासचिव सह जीप सदस्य अनूप पाण्डेय व आजसू कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा किया ।इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मे एनडीए गठबंधन की जीत होगी और झारखंड के कुल 14 लोकसभा सीट पर भाजपा गठबंधन जीत दर्ज करेगी साथ ही पूरे देश मे भाजपा 400 सीट का आंकड़ा पार करैगी ।पूरे देश मे सभी जाति धर्मो के लोगो के हित मे योजनाओं का लाभ मिला है और इस चुनाव मे भी देश को तोड़ने वाले शक्तियों को जनता सबक सिखाने का काम करेगी ।वही आजसू नेता अनूप पांडेय ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का जो भी निर्देश मिलेगा उसके तहत एनडीए गठबंधन के उमीदवार को सहयोग आजसू पार्टी करेगी । मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, आजसू नेता बीरेंद्र यादव, लखन मेहता, पप्पू साव, रोहित मंडल, चन्द्रशेखर यादव, मन्नू मोदी ,दिलीप रवानी, राजकुमार बर्मा, मिलन यादव, माथुर मंडल, देवनाथ राणा, सुदीप जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बच्चों को संकल्प एवं संघर्षशीलता की भावना से शिक्षा लेने की जरुरत : प्राचार्य




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के प्रार्थना सभा में प्राचार्य ने महात्मा हंसराज के चित्र पर माल्यार्पण किया और उपस्थित शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर महात्मा हंसराज को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने महात्मा हंसराज के जीवन दर्शन के बारे में बताते हुए कहा की शिक्षा को गति प्रदान करने के लिए महात्मा हंसराज का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने बच्चों को उनके त्याग, संकल्प एवं संघर्षशीलता की भावना से शिक्षा और प्रेरणा लेने की बात कही। बच्चों ने भजन, नृत्य और भाषण के माध्यम से महात्मा हंसराज की महानता को साझा किया। वहीं 600 छात्रों ने महात्मा हंसराज जी के सम्मान में एक शोभा यात्रा में भाग लिया। जुलूस के बाद, छात्रों को गुड़, चना और ग्लूकोज प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा समुदाय के भीतर महात्मा हंसराज जी की शिक्षाओं के लिए स्थायी प्रभाव और श्रद्धा की एक मार्मिक याद दिलाता है।

## बलियापुर बीडीओ ने आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त तैयारियों को लेकर की बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 20 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षक, तथा बीपीएम जेएसएलपीएस के साथ बैठक किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव हेतु दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हीलचेयर, मतदान दिवस को मतदान केंद्रों की साफ सफाई तथा स्वीप कार्यक्रम के बारे में समीक्षा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया की 195 मतदान केंद्र के लिए 99 भवन चिन्हित है जिसमें सभी में काम से कम एक-एक व्हीलचेयर अवश्य ही उपलब्ध होना चाहिए।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लीये उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन रवाना किया

## वैन के माध्यम से आमजनों को चुनाव संबंधी दी जायेगी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर आज समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एलईडी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी




किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 जरूर भर लें ताकि 20 मई को कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव तथा 25 मई को गिरिडीह लोकसभा में होने वाले मतदान में भाग लें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इसके अलावा उन्होंने सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी। इस दौरान उपरोक्त के अलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, मीडिया/स्वीप कोषांग की टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कोयला व्यवसायी सुरेश सिंह हत्याकांड में हुई गवाही

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और प्रसिद्ध कोयला व्यवसायी सुरेश सिंह हत्याकांड में मृतक की पत्नी मनोरमा सिंह और पुत्र अजय सिंह की गवाही हुई। एडीजे छह की अदालत में दोनों ने अपना बयान दर्ज कराया। इस दौरान कांग्रेस नेता रणविजय सिंह भी उपस्थित थे।

सुरेश सिंह हत्याकांड में तीसरी बार देवेंद्र सिंह की गवाही दर्ज हुई है। बचाव पक्ष की ओर से अपीलकर्ता अनूप कुमार सिन्हा और अभय कुमार सिन्हा ने प्रति परीक्षण किया था। शशि सिंह को इस मामले में पुलिस फरार घोषित कर चुकी है। घटना को अंजाम देने के बाद से ही शशि सिंह फरार है। उसे पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है।



बताते चलें कि शशि सिंह जेल में कैद जनता मजदूर संघ के नेता रामधीर सिंह और धनबाद की पूर्व मेयर इंदु सिंह का पुत्र है।

**7 दिसंबर 2011 को हुई थी हत्या :-** बता दें की 7 दिसंबर 2011 की रात धनबाद क्लब में रोहित सिंह की रिसेप्शन पार्टी में सुरेश सिंह की हत्या हुई थी। सुरेश के पिता तेज नारायण सिंह की शिकायत पर शशि सिंह, संजीव सिंह, रामधीर सिंह के विरुद्ध धनबाद थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से शशि फरार हैं। 5 माह के अनुसंधान के बाद 20 मई 2012 को पुलिस ने शशि सिंह, प्रमोद लाल, मोनू सिंह, आलोक वर्मा के विरुद्ध आरोप पत्र दायर कर दिया था। इसमें शशि सिंह को शूटर बताया गया था। सुनवाई के बाद रणविजय सिंह ने न्यायालय पर एक बार फिर से विश्वास जताते हुए कहा कि आरोपी कितना भी बड़ा रसूख वाला हो, सलाखों के पीछे जरुर जायेगा।

## पुलिस व सीआरपीएफ 154 वीं बटालियन ने नक्सलियों के मंसूबे पर फेरा पानी, कोडेक्स वायर की जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत मधुबन पार्श्वनाथ , खुखरा थाना क्षेत्र के बीच स्थित केरूकोचा गावं के ज़मीन पर पुलिस ने शनिवार को कोडेक्स वायर को पाया। कोडेक्स वायर को जमीन में गाड़ दिया और छिपाने का कोशिश किया और बाद में नक्सली बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जिसको पुलिस सुरक्षाबलों द्वारा वायर बरामद कर लिया गया और इस तरह से नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। बता दे की चुनावी मौसम आते ही झारखंड में नक्सली सक्रिय हो जाते हैं। वे मतदान को असफल बनाने के लिए कई तरह के हथकंडे को अपनाते हैं। पुलीस द्वारा गिरिडीह लोक सभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। ताकी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। आज सुबह गिरिडीह व मधुबन पुलिस और सीआरपीएफ 154 वीं बटालियन द्वारा चलाये गये सर्च अभियान में कोडेक्स वायर को बरामद किया गया जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गई है।



## लालमणि में स्व. रागिनी श्रीवास्तव की चौथी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को संबलपुर स्थित सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित ओल्ड एज होम और लोहारबरवाअड्डा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवाआश्रम अपना घर में स्व. रागिनी श्रीवास्तव के तैलचित्र पर पुष्पअर्पण, माल्यार्पण, श्रद्धा से नमन प्रार्थना कर और दोनों आश्रमों के बुजुर्गो की भरपूर सेवा सत्कार कर मनी। आश्रम के समस्त बुजुर्गों एवं स्व. रागिनी श्रीवास्तव के पति राजकुमार श्रीवास्तव एवं उनके परिजनों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर आश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। मौके पर स्व. रागिनी श्रीवास्तव के पति राजकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी की पुण्यतिथि पर बुजुर्गों की आश्रम आकर सेवा सम्मान व शांति प्रार्थना की गई जिससे हम सभी पूरे परिवार को बहुत ही आत्मिक व हार्दिक संतुष्टि मिली है और सबसे बहुमूल्य इन बुजुर्गों का ढेर सारा आत्मिक आशीर्वाद मेरे पूरे परिवार को मिला।

## लोकतंत्र के महापर्व में बीएलओ उत्साहपूर्वक करे कर्तव्य का पालन : डीसीएलआर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में बाघमारा एवं झरिया विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ से कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में महिला पुरुष तथा सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। सीनियर सिटीजन व दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं को जल्दी मतदान करने के लिए सहायता करें। साथ ही कहां कि मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण, चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटी, बीएलओ के लिए ईडीसी से मतदान करने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

## तीन बाइक की आपस में टक्कर, हुआ जमकर हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमसिया रेलवे फाटक के नज़दीक शनिवार दोपहर तीन बाइक की टक्कर हो गई। जिसमे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। वही घटना के बाद बाइक सवार एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए हो हल्ला करने लगे। जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना धनसार थाना पुलिस को दी।



मौके पर पुलिस पहुंच सभी घायलों का बयान दर्ज किया और समझा बुझा कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में दो लोग बरमसिया के है। वही तीसरा व्यक्ति बैंक मोड़ का रहने वाला है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बैंक मोड़ का रहने वाला करण कुमार अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी बरमसिया फाटक के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक के हैंडल से टकरा गया। जिससे बाइट का नियंत्रण बिगड़ गया और घटना घट गई। वहीं घटना में दो बाईकों की टक्कर में तीसरा बाइक भी चपेट में आ गया और उस बाइक सवार को भी हल्की छोटे आई है।

## असर्फी कैंसर संस्थान ने चलाया कैंसर जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को दी गई कैंसेर से बचाव की जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान की ओर से बरवाअड्डा स्थित सिम्बायोसिस इंटरनेशनल स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें 120 से ज्यादा छात्राओं ने भाग लिया। संस्थान के रेडिएशन ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. विप्लव मिश्रा और नेक एंड हेड सर्जिकल ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. मोनिका गुप्ता ने छात्राओं को कैंसर होने के कारण, लक्षण, जांच और इलाज के बारे में सविस्तार जानकारी दी। कहा कि कैंसर से बचाव के लिए जागरूक होना जरूरी है। शुरुआती अवस्था में



इसकी पहचान होने पर इलाज से ठीक होने की पूरी संभावना रहती है। वहीं देरी होने पर यह असाध्य हो जाता है। कैंसर के लक्षण के बारे में कहा कि शरीर में लंबे समय से घाव का नहीं भरना, गांठ उभरना, अचानक वजन कम होना या बढ़ना, स्तन में सूजन या कड़ापन, तीन हफ्ते से अधिक समय से मुंह या जीभ में घाव, तीन सप्ताह से अधिक समय से लगातार खांसी होना या आवाज का कर्कश होना, भोजन निगलने में कठिनाई या बदहजमी, मूत्र करने में कठिनाई और रक्तस्राव, तिल या मस्से के आकार या रंग मे परिवर्तन, शौच करते समय खून का जाना, लगातार बुखार या वजन में कमी समेत अन्य कुछ लक्षण हैं, जिसे नजरअंदाज किया जाना ठीक नहीं है। ये लक्षण यदि खुद में, अपने घर-परिवार और पड़ोसियों में भी दिखे तो फौरन डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दें।मौके पर सिम्बायोसिस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक आशीष कुमार मंडल और प्राचार्या इंद्राणी घोष समेत असर्फी कैंसर संस्थान के शुभंकर नाथ और मुकेश रवानी मौजूद थे।

## नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, उधना, वडोदरा, साबरमती के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
2. गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04051 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
3. गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 22.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
4. गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04033 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज के रास्ते अगले दिन 13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।
5. गाड़ी संख्या 05560 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल- गाड़ी संख्या 05560 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल दिनांक 21.04.2024 को रक्सौल से 13.30 बजे खुलकर बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किउल, झाझा के रास्ते 22.04.2024 को 05.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।
6. गाड़ी संख्या 09038 भागलपुर-उधना अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 09038 भागलपुर-उधना अनारक्षित स्पेशल दिनांक 21. 04.2024 को भागलपुर से 23.00 बजे खुलकर 22. 04.2024 को 04.55 बजे पटना जं. रूकते हुए डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते 23.04.2024 को 09.00 बजे उधना पहुंचेगी ।

**संक्षिप्त खबरें**

## मूर्ति विसर्जन के साथ ही चैती दुर्गा पूजा हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा ठाकुरबाडी प्रांगण में जगन्नाथ महाप्रभु पूजा समिति के द्वारा चैती दुर्गा पूजा का मूर्ति विसर्जन के साथ समापन किया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान भक्तो ने माता रानी की जय, जय माता दी, अम्बे मईया का जयकारा लगा रहे थे। चैती नवरात्र के अवसर पर सप्तमी से मां दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती गणेश और कार्तिक भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही थी। जिसे शुक्रवार शाम को सेन्हा प्रखंड बस्ती के बांध टोली स्थित बांध में हर्षोल्लास व उमंग के साथ भक्तों द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर रामहरि महतो, नंदलाल महतो, कृष्णा पाठक, उज्जवल पाठक, सिद्धार्थ पाठक, संदीप महतो, विकास पाठक, दीपक महतो, संतोष कुमार, दिलीप महतो, परीक्षित कुमार, अभिषेक, नितेश, सरोज सहित अन्य उपस्थित थे।

# विद्या मंदिर बड़की चांपी के टॉपर बहनों को प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुडू प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी शामिल हुई। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया। मैट्रिक परीक्षा के परीक्षा फल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बहनों को सम्मानित किया गया, इनमें 95.8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बहन चंद्रकला कुमारी, 95.4 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बहन श्रुति कुमारी और 94.4 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बहन हेमा कुमारी को विद्यालय सभागार में सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी ने बहनों एवं उनके अभिभावकों को मिष्ठान खिलाकर




बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए मुन्नी देवी ने कहा की भैया बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्या मंदिर बड़की चाँपी का कृतिमान स्थापित किया है एवं पूरे कुडू प्रखंड और लोहरदगा जिला में विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने वर्तमान दसवीं कक्षा में अध्यनरत भैया बहनों को प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सचिव यदुनंदन तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी आचार्य आचार्या इसी प्रकार संयम के साथ मेहनत करते रहें,तो हमारा स्थान जिला टॉपर की श्रेणी में आ सकता है। उन्होंने भैया बहनों की सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य और आचार्य आचार्या को देते हुए,विद्यालय को शिखर तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से भैया बहनों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए नई प्रतिभाओं को दिशा निर्देश देने के साथ-साथ संसाधनों की पूर्ति में सहयोग देना आवश्यक है। समारोह का संचालन आचार्य नरेश साहू ने किया एवं इसका समापन आचार्य लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव द्वारा कल्याण मंत्र की स्तुति के साथ की गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के संरक्षक धनंजय प्रसाद, अध्यक्ष भूषण प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, सदस्य कन्हैया साहू, लखन राम, पत्रकार नंदलाल तिवारी, अभिभावक वृंद, सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थें।

**जिंगी संकुल के चारों कराटे खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल**

# सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एंड ईमा संकुल प्रधान अलीरजा अंसारी को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी संकुल के कराटे खिलाड़ियों ने एक बार फिर कराटे खेल में उम्दा प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा साबित कर दिया है। आज सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एंड ईमा के सौजन्य से आयोजित बिशप स्कूल रांची में आयोजित 11वीं ईमा कप सिकोकाई कराटे चैंपियनशिप 2024 में जिंगी संकुल से रौशनी उरांव, अदनान अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी एवं मोहन टाना भगत (मध्य विद्यालय तान) कुल चार खिलाड़ियों ने भाग लिया। कराटे खेल की काता विधा में चारों होनहार खिलाड़ियों ने हर राऊंड में अपने प्रतिद्वंदी को परास्त कर अंततः गोल्ड मेडल जीतने में सफलता हासिल कर ली। खिलाड़ियों के साथ गए संकुल प्रधान अलीरजा अंसारी ने मौके पर अत्यंत हर्ष प्रकट करते हुए सभी खिलाड़ियों सहित कोच देवंती



कुमारी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में असीमित प्रतिभा होती है जो थोड़ी सी मेहनत कराने पर कमाल करने का दम रखती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत, कोच देवंती कुमारी सहित जीतने के लिए हमेशा हौसला बढ़ाने वाले सभी शिक्षकों के समर्पण को दिया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लगातार मेहनत जारी रखने की बात कही है। मौके पर सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एंड ईमा के टेक्नीकल डायरेक्टर सिहान सुनील किस्पोट्टा एवं टीम ने संकुल प्रधान अलीरजा अंसारी को कराटे खेल को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया। मौके पर कोच देवंती कुमारी, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी, विनय कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## सत्य एवं अहिंसा के प्रवर्तक थे महावीर स्वामी : गणेश प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती मनाई गई। महावीर स्वामी जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण करने के बाद सभा का सभापतित्व करते हुए श्री गणेश प्रसाद जी ने कहा भगवान महावीर सत्य एवं अहिंसा के प्रवर्तक थे। प्राणियों के प्रति दया भाव रखना श्रेष्ठ धर्म कहलाता है। सभी जीवों से प्रेम की भावना रखनी चाहिए। बारह वर्ष के तपस्या के पश्चात उन्हें ज्ञान मिला। मन वचन एवं कर्म से सत्य एवं अहिंसा के नियमों का पालन करते हुए सभी जीवो की रक्षा करनी चाहिए। चोरी नहीं करना, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह के नियम का पालन करना अनिवार्य है। इस अवसर पर उमंग राज सिंगल द्वारा धर्म के प्रवर्तक महावीर स्वामी के जीवन पर भाषण प्रस्तुत किया गया ।बहन माही कुमारी बहन अनन्या कुमारी के द्वारा महावीर जी की जीवनी पर छोटी कहानियां प्रस्तुत की गई ।श्री त्रिलोचन साहू जी ने के द्वारा महावीर जी की जयंती पर आधारित सत्य एवं अहिंसा पर आधारित कविताएं सुनाई गई। श्री अशोक कुमार सिंह जी द्वारा स्वामी जी की जीवन पर आधारित प्रेरक प्रसंग सुनाया गया।आचार्य श्री रवि रंजन उपाध्याय द्वारा सत्य अहिंसा एवं दया की भावना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर स्वामी जी के जीवनी पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।आज के इस कार्यक्रम में जगदीश पांडे, अशोक साहू,सुनीता जी, मीनाक्षी दिव्य, दीपिका जी पूजा बहन समेत समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

## साइन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट से उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे लोहरदगा के 5 विद्यार्थी : अफसर कुरैशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शहरी क्षेत्र के आजाद बस्ती स्थित यूनिवर्सल अकैडमी आफ एजुकेशन में विद्यालय के डायरेक्टर हाजी अफसर कुरैशी विद्यालय की प्रधानाचार्य बुसरा अफसर, अयाज कुरैशी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों की मौजूदगी में लोहरदगा जिला के पांच विद्यार्थियों का काउंसलिंग किया गया। ये सभी विद्यार्थी कुरैश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा कर्नाटक के वीदर भेजे जा रहे हैं। जहां इन पांचो विद्यार्थियों को साइन ग्रुप आफ एजुकेशन के जरिए तकनीकी उच्च शिक्षा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों के रहने और खाने सहित अन्य खर्चो का वहन भी साइन ग्रुप आफ एजुकेशन के द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को यूनिवर्सल अकैडमी आफ एजुकेशन विद्यालय में काउंसलिंग किया गया। काउंसलिंग में शामिल होने आए छात्रों में दो छात्र समर खान व मंजर खान जिले के कुडू प्रखंड के हैं जब के तीन छात्र आकिब कुरैशी, नफीस कुरैशी व महताब अंसारी लोहरदगा के हैं। सभी 25 अप्रैल को लोहरदगा से हाजी शमशेर कुरैशी तथा कुडू के शमशेर खान के नेतृत्व में बीदर के लिए रवाना होंगे। जहां इन छात्रों की तकनीकी शिक्षा को लेकर आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। मौके पर कुरैश कॉन्फ्रेंस रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा के समाज में उच्च शिक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता लाना तथा समाज के लोगों की नौकरी पेशा व देश सेवा तथा उच्च शिक्षा में बेहतर पहुंच हो इसको लेकर निरंतरण प्रयास किया जा रहे हैं। इसी के तहत पांच विद्यार्थियों का पहला जत्था 25 तारीख को यहां से रवाना होगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में महावीर जयंती मनाई गई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता के द्वारा महावीर स्वामी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और महावीर स्वामी के पांच व्रतों का पालन करने को कहा गया जिसमें है सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, आस्तेय और अपरिग्रह। जैन धर्म सनातन धर्म से अलग नहीं है और महावीर स्वामी ने संसार को अंधकार से प्रकाश में लाने का काम किया। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के थोड़े से भी गुण अगर हमारे अंदर आ जाए तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, सनोज कुमार साहू, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहारदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया। चुनाव आयोग निर्देशानुसार अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस संचालक दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित कर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये शपथ दिलाया गया। साथ ही श्री तिवारी ने सभी पीडीएस दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा गया की अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समन्वय बना कर आम जनता को मतदान करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई। जिसे की आगामी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा चुनाव के दिन सभी मतदाता पहले मतदान करें फिर जलपान और अन्य काम करेंगे वही सीओ सह प्रखंड निर्वची निबंधन पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में 80 प्लस मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं के लिये अलग से मतदान करने के लिये सभी मतदान केंद्रों में व्यवस्था किया गया है। मौके पर नन्दकिशोर शुक्ला, फिरोज अंसारी, केशव ठाकुर, नवलकिशोर सिंह, बृजमोहन प्रसाद, प्रसन्त साहु, गौतम साहु, दीपक ठाकुर सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोकसभा संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा आज बड़की चाँपी, छोटकी चाँपी, बंदुआ सहित अन्य गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, ग्रामीणों से जनसंपर्क करते हुए यह कहा गया की एनडीए के हाथों को मजबूत करना है और समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाना है,क्योंकि समीर उरांव एक जुझारू नेता है बाकी अन्य उम्मीदवारों का इतिहास जनता जानती है, इसलिए ऐसे उम्मीदवार को जीता कर भेजना है जो इस लोकसभा सीट की समस्याओं को लेकर दिल्ली में आवाज उठा सके एवं कार्य करा सके। आज के इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक, अनिरुद्ध महतो, बढतु महतो, नीरज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संजय भगत, कामेश यादव, शंकर पासवान, प्रवीण गोयल, कबीर अंसारी, अरुण उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संजय महतो ने 82.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का बना टॉपर







प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड स्थित एस.एस.पब्लिक स्कूल में सत्र 2023-24 में भी बच्चों ने इस बार भी स्कूल एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को गौरवान्वित किया। विद्यालय का रिजल्ट देखकर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जहां विद्यालय के छात्र संजय महतो ने 82.80 प्रतिशत के साथ विद्यालय का टॉपर बना,वही वाणी कच्छप 82.60 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रिजवान रजा 75.60 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं विद्यालय के अन्य सभी छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किया इस मौके पर विद्यालय के सचिव बिंदु तिवारी ने बच्चों को बधाइयां देते हुए कहा कि यह विद्यालय परिवार के मेहनत का परिणाम है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित चतुर्वेदी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को बधाइयां दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की।

## असिस्टेंट अब्जर्बर पदाधिकारी द्वारा वाहन जांच का निर्देश दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप असिस्टेंट अब्जर्बर पदाधिकारी द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में असिस्टेंट अब्जर्बर पदाधिकारी अंशु कुमार यादव द्वारा दंडाधिकारी गणेश टोप्पो और एस आई अविनाश राम को वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर झंडा, अवैध हथियार के अलावे गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब सहित अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का बारीकी से जांच करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखें बैग थैला सहित अन्य चीजों का भी तलाशी लेते हुए जांच करने का निर्देश दिया गया। तथा सन्देहास्पद व्यक्तियों पर चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पैनी नजर रखने की बात कही गई। जिससे अपराध पर अंकुश लगा रहे और शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। वही मौके पर दण्डाधिकारी गणेश टोप्पो एवं साथ में एस आई अविनाश राम दल बल के साथ मौजूद थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल के समय में किया जाए परिवर्तन : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला में भीषण गर्मी बढ़ गया है छोटे-छोटे बच्चों को दोपहर एक एवं दो बजे स्कूल से अपने घर आने में बहुत परेशानी हो रहा है। झारखंड में गर्मी अभी और बढ़ेगी। तापमान में 3त्न की वृद्धि होने की संभावना है। इस संबंध में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है बच्चों को 11 बजे के बाद बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। श्री साहू ने इस मामला को लेकर लोहरदगा उपायुक्त बाधमारे प्रसाद कृष्ण से वार्ता कर बढ़ते भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए छात्र हित में विद्यालय का संचालन समय प्रातः 7:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक करने की मांग किए । उपायुक्त ने श्री साहू का आश्वसन दिए की राज्य के शिक्षा विभाग के आलाअधिकारी से वार्ता कर छात्र हित में समुचित निर्णय लिया जाएगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में मनाई गई महावीर स्वामी जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर महावीर स्वामी की जयंती धूम धाम से मनाई गई। विद्यालय के आचार्या प्रभा कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित करके तथा महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर के कार्यक्रम आरंभ किया गया। वरिष्ठ आचार्या रीता यादव व नारायण कुमार ने महावीर स्वामी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। रीता यादव ने कहा,भगवान महावीर का जन्म लगभग 2600 वर्ष पूर्व राजा सिद्धार्थ व महारानी त्रिशला के यहां चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के पावन दिन हुआ था। इसलिए हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महावीर जयंती के रूप में मनाया जाता है।इनका जन्म होते ही राजा सिद्धार्थ के राज्य,



मान-प्रतिष्ठा, धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी। इसलिए इनका नाम वर्धमान रखा गया। वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे। इनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। बाल्य काल से ही महावीर स्वामी तपस्वी और साधक स्वभाव के थें। उनको भोग विलास में तनिक भी रुचि नहीं थीं। वे अहिंसा के पुजारी थे। हिंसा पर जरा भी विश्वास उन्हें नहीं था। बहुत ही कम उम्र में ही उन्होंने घर त्याग दिया था और संन्यास धारण कर लिया और 12 वर्षो के कठोर तप किया और तब के समाज में अहिंसा का अलख जगाया। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

# जिस चोर ने जलडेगा में दुकानदारों और पुलिस की उड़ा रखी थी नींद

**उस शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित कुमार मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में पिछले सप्ताह 12 अप्रैल को एक चोर ने दुकान में बनाने के लिए रखे मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रिक उपकरण और 30 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर लिया था। जिसके बाद जलडेगा पुलिस ने चोरी का खुलासा कर जलडेगा खड़िया टोली निवासी संजय केरकेट्टा, पिता रेंघु केरकेट्टा को हिरासत में लेकर शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर उसके घर में छुपा कर रखे चोरी का सामान बरामद भी बरामद किया है।जलडेगा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा कि जलडेगा में लगातार हो रही चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस संदिग्धों पर नजर रख रही है।



पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा किए जाने को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। मोबाइल ट्रेस और पुलिस द्वारा जगह जगह छापेमारी करने के साथ साथ आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, काफी खोजबीन और जांच के बाद पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने चोर के पास से पांच मोबाइल फोन, एक कैनन कंपनी का कैमरा, दो लैंस, कैमरा का बैटरी चार्जर, मेमोरी कार्ड, एक पावर बैंक, दो ईयर फोन, एक ब्लूटूथ ईयर फोन, दो मोबाइल चार्जर, दो डाटा केबल, गेम खेलने वाला फिंगर स्लिम, 8 जीबी का एक मेमोरी कार्ड और एक छोटा साउंड बॉक्स डेलट्रॉन कंपनी का बरामद किया गया।

## इंद्रियों को नियंत्रण करने में असाधारण कौशल के धनी थे भगवान महावीर : रेशमलाल

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव रेशमलाल एवं प्रधानाचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से भगवान महावीर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। रेशमलाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर इंद्रियों को नियंत्रण करने में असाधारण कौशल के धनी थे। इनका सम्पूर्ण जीवन तपस्वी के रूप में बिता इनके कठिन तपस्या एवं साहस को अपने जीवन मे उतारने की जरूरत सभी को है। वही दसवीं कक्षा के भैया मृत्युंजय साहू द्वारा भगवान महावीर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। तथा प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर ने 12 साल कठिन तपस्या की थी। जिसे उन्हें मौन, तप, व्रत करने के बाद आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई थी। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य आचार्याओ का सफल योगदान रहा। मौक पर सुषमा देवी, मीना देवी,मालती कुमारी, डॉली कविता, संध्या कुमारी, प्रेमशिला उरांव, खुशबू कुमारी, राजकिशोर उरांव, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

# चुनाव तैयारी को लेकर डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा सीट पर निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी की जा रही है। इसी कड़ी में पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बूथों पर कम्युनिकेशन की सुविधा, जहां नेटवर्क काम नहीं करता है, उन बूथों पर चिन्हित किया गया। कुछ बूथ रिलोकेट किए गए हैं, वहां काम चल रहा है। गर्मी को देखते हुए वोटर, मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मियों को सुविधा पहुंचे, इसके लिए जरूर पहल करने का निर्णय लिया गया। चुनाव कराने के लिए अगले सप्ताह से फोर्स का आना शुरू हो जायेगा। उन्हें ठहराने आदि पर भी चर्चा की गयी।



डीआईजी ने कहा कि चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। एसओपी का अनुपालन हर हाल में करना है। पलामू राजनीतिक के साथ साथ नक्सल हिंसा के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इसी हिसाब से सुरक्षा का प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कई स्तरों पर तैयारी की गयी है। लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करना है। कई अपराधी जिलाबदर किए गए हैं।चुनाव में बड़े स्टार प्रचारक आते हैं और ठहरते हैं, उसके लिए किस तरह प्रबंध करना है, इस पर भी चर्चा की गयी। सोशल मीडिया, नक्सल ऑपरेशन पर क्या कुछ किया गया, इसकी भी समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद थे।

**बैठक में बूथों पर कम्युनिकेशन की सुविधा, जहां नेटवर्क काम नहीं करता है, उन बूथों पर चिन्हित किया गया। कुछ बूथ रिलोकेट किए गए हैं, वहां काम चल रहा है। गर्मी को देखते हुए वोटर, मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मियों को सुविधा पहुंचे, इसके लिए जरूर पहल करने का निर्णय लिया गया।**

# माकपा-कांग्रेस भाजपा के सबसे बड़े सहयोगी, एक भी वोट ना दें : ममता

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान पूरा हो चुका है और दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार प्रसार भी जोर-जोर से चल रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मालदा जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंची मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर माकपा और कांग्रेस पर एक सुर में हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये दोनों पार्टियां भाजपा के सहयोगी हैं और इन्हें एक भी वोट नहीं मिलना चाहिए।ममता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की जीत होगी और वह सरकार का हिस्सा रहेंगी। हालांकि उन्होंने फिर दोहराया कि बंगाल में कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि गठबंधन दिल्ली में है। बंगाल में माकपा और कांग्रेस भाजपा के सहयोगी के तौर पर काम कर रहे हैं इसलिए उन्हें एक भी वोट नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से पहले भाजपा और कांग्रेस के लोग जीतते रहे हैं लेकिन बंगाल के लिए कुछ नहीं किया। इनमें से किसी ने भी बंगाल के हक की



आवाज नहीं उठाई। केवल तृणमूल कांग्रेस लड़ रही है और लड़ेगी। बंगाल के लोगों के हक के लिए केवल मैं लड़ रही हूं। ममता बनर्जी ने इंडी गठबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि इस गठबंधन का नाम और शुरुआत मैंने की थी लेकिन इसे हाईजैक कर लिया गया। मैं गठबंधन का हिस्सा जरूर हूं लेकिन बंगाल में नहीं। बंगाल के लिए मैं अकेले लड़ रही हूं और जीतने के बाद गठबंधन को सहयोग करूंगी।

# जयराम रमेश ने पीएम से किया सवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी दौरे को ध्यान में रखते हुए सवाल पूछे हैं। प्रधानमंत्री कल मध्य प्रदेश के चुनावी दौर पर थे, तब भी कांग्रेस हमलावर थी। आज (शनिवार) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के नांदेण में चुनावी दौरे पर हैं, तब कांग्रेस एक बार फिर से हमलावर हो उठी है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने भी प्रधानमंत्री से कुछ सवाल किए हैं, जिसे कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर टैग करते हुए रेल मंत्री पर तंज कसा है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,आज प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में सभा को संबोधित करने जा रहे हैं। उनसे हमारे सवाल यह हैं कि क्या प्रधानमंत्री भाजपा के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण को जेल में डालने का अपना वादा निभाएंगे? मराठवाड़ा में सूखे और पानी की कमी से निपटने के लिए भाजपा के पास क्या योजना है? नांदेड़ मंडल में भारतीय रेलवे इतनी ख़राब स्थिति में क्यों है? जयराम रमेश के इस बयान को सोशल मीडिया एक्स पर टैग करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने तंज कसते हुए एक्स पर कहा,आशा है कि वह पीआर रेलवे मंत्री को साथ लाएंगे। उन्होंने आगे लिखा है,क्या पूर्व रेल मंत्री और मुंबई उत्तर के उम्मीदवार के रूप में पीयूष गोयल जी हमें बताएंगे कि रेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन में केंद्र द्वारा राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र की उपेक्षा क्यों की जा रही है? क्या वर्तमान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रचार से अवकाश लेंगे और जवाब देंगे?

# हिमाचल में कलयुगी और अधर्मी सरकार : कंगना रनौत

एजेंसी

**मंडी :** मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुश्री कंगना रनौत का शनिवार को नाचन विधानसभा के चैलचौक और बल्ह के रिवालसर में भव्य स्वागत और रोड शो हुआ जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यहां एक रोड शो के बाद सब्जी मंडी में जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हिमाचल में अधर्मी और कलियुगी सरकार चल रही है और इस सरकार को हर हाल में सत्ता से बाहर करना है। कंगना रनौत ने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू यह बयान देते हैं कि उन्होंने



97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा वाले प्रदेश में अपनी सरकार को स्थापित किया है।


इससे ही स्पष्ट हो जाता है कि उनकी हिंदूत्व को लेकर क्या सोच है। ये अधर्मियों की सरकार है और ये सनातन विरोधी हैं जबकि दूसरी तरफ़ भारतीय जनता पार्टी की रामराज्य की अवधारणा को सत्य साबित करने वाली केंद्र सरकार है जो हर वर्ग का कल्याण कर नित नए विकास के आयाम सत्यापित कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि एक जून को मतदान के माध्यम से जहां केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएं वहीं प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनाने में अपना अहम योगदान दें। देश में सिर्फ एक ही गारंटी चल रही है और वह है मोदी की गारंटी। मोदी सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया है।

कंगना रनौत ने कहा कि प्रदेश में इतनी बड़ी आपदा आई और प्रदेश सरकार हर जगह यही रोना रोती रही कि केंद्र ने कुछ नहीं दिया जबकि जयराम ठाकुर ने मीडिया के माध्यम से बताया कि प्रदेश को जो भी मदद मिली है वो केंद्र सरकार की ही देन है।

# कांगड़ा-चम्बा में इस बार भी बनेगा भाजपा की जीत का नया रिकॉर्ड : शांता कुमार

एजेंसी

**पालमपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांगड़ा-चम्बा की जनता ने भाजपा का इतना अधिक सहयोग दिया था कि कांगड़ा पूरे भारत में प्रथम रहा था। यद्यपि मैं स्वयं चुनाव नहीं लड़ रहा था फिर भी पूरे क्षेत्र में घूम कर प्रचार किया था।शांता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस बार कांगड़ा जिला अपने बनाए हुए रिकार्ड को तोड़ेगा। इस बार पूरे भारत में भाजपा के प्रति इतनी अनुकूल लहर है जितनी आज तक पहले कभी नहीं रही थी। ऐतिहासिक विकास कार्य तो हुए हैं परन्तु 500 वर्षों के संघर्ष के बाद राम मन्दिर बनने के कारण इस बार भाजपा को ऐतिहासिक विजय प्राप्त होगी।उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बहुत योग्य



और अनुभवी नेता राजीव भारद्वाज को लोकसभा के लिए खड़ा किया है। भारद्वाज ने कांगड़ा-चम्बा लोकसभा के 17 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार शुरू कर दिया है, लेकिन कांग्रेस अभी तक अपना उम्मीदवार भी तय नहीं कर सकी है, इसलिए भी कांगड़ा-चम्बा लोकसभा इस बार के चुनाव में अपने ही रिकार्ड को तोड़ने में सफल होगी। अपने ही रिकार्ड को तोड़ना भी भारत के राजनैतिक इतिहास में एक नया रिकार्ड बन जायेगा।

# मोदी सरकार ने दिया आधी आबादी को उनका हक : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तीकरण से आगे बढ़ते हुए भारत में वूमेन लेड डेवलपमेंट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और महिलाओं को देश की विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। अनुराग ठाकुर ने ये बातें शनिवार को अपने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान सुजानपुर और भोरंज विधानसभा में आयोजित महिला मोर्चा व एससी मोर्चा सम्मेलनों में कहीं। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाएं विकसित भारत के चार अमृत स्तंभों में एक जरूरी स्तंभ हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने



पिछले 10 साल में 25 से भी अधिक योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) ने अब तक देश भर में 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बना है। इसमें से महिलाओं के लिए लगभग 14.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जो 4 करोड़ घर दिये गए हैं, उसमें 70 प्रतिशत घर की मालकिन या संयुक्त मालकिन महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों की संख्या 51 करोड़ के पार पहुंच गई है। इन खातों में जमा राशि 2.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभाव से बेटे के जन्म लेने की तुलना में बेटियों की संख्या बढ़ रही है। बेटियों की शिक्षा व करियर से लेकर शादी-विवाह तक की आर्थिक योजना बनाने में डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि योजना बेहद मददगार है। हर वर्ष 33 लाख सुकन्या समृद्धि खाता खोला जाता है। अब तक तीन करोड़ सात लाख खाते खोले गए हैं।

## पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद से दिया इस्तीफा

# बसपा के टिकट पर पलामू लोकसभा से चुनाव लडने की चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा दे दिया है. इस्तीफा देने के बाद कामेश्वर बैठा ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है. कामेश्वर बैठा पलामू संसदीय क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे.दरअसल, कामेश्वर बैठा अपने समय में माओवादियों के टॉप कमांडर रहे हैं. वे देश के पहले नेता हैं जो माओवाद से निकलकर सांसद बने. 2009 में कामेश्वर बैठा झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर पलामू से सांसद चुने गये. हालांकि, बाद में वे राजद में शामिल हो गए. अब उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है.कामेश्वर बैठा ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा दे दिया है और बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली है. वह पलामू लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि बीजेपी और इंडिया गठबंधन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और दोनों आरएसएस से निकले हैं.उन्होंने कहा कि अगर कोई अकेला सांसद या विधायक है तो वह कभी भी पार्टी बदल सकता है. झारखंड में राजद का एक ही उम्मीदवार है, कुछ भी हो सकता है. कामेश्वर बैठा ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है और वे शुरू से ही संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं.कामेश्वर बैठा ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने शुरू से ही प्रयास किया है. बता दें कि वे 2007, 2009 और 2014 में पलामू लोकसभा सीट से सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं.

